डाक पंजीयन क्र./छ.ग./रायपुर संभाग/14/2024-2026

आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या CHHHIN/2002/09534

रोजगार और नियोजन

वर्ष-22, अंक-26, रायपुर (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित

04 दिसंबर 2024, बुधवार, पृष्ठ संख्या 52, नि :शुल्क

अरपा किनारे होगा देश का पहला इंडोर गार्डन वाटर फाल, क्रूज व रेस्टोरेंट

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 23 नवंबर 2024 को बिलासपुर में 143.68 करोड़ के स्मार्ट सिटी विकास कार्यों का लोकार्पण किया। अरपा नदी के किनारे देश का पहला इंडोर गार्डन वाटर फाल, रिवर क्रूज, रेस्टोरेंट, एडवेंचर पार्क, और लक्ज़री सिनेमा जैसी सुविधाओं की घोषणा की गई। आने वाले 5 वर्षों में अरपा का स्वरूप पूरी तरह बदल जाएगा और यह अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित होगा। रामसेतु के लोकार्पण के बाद अरपा के विकास पर आधारित डाक्यूमेंट्री का भी विमोचन किया, जिससे भविष्य में बिलासपुर को एक नई पहचान मिलेगी।

बिलासपुर में मुख्यमंत्री द्वारा 143.68 करोड़ के स्मार्ट सिटी लोकार्पित प्रमुख परियोजनाएं

रामसेतु मार्ग (49.98 करोड़ रु.)
अरपा नदी के किनारे सड़क का सौंदर्यकरण और उन्नयन।

मिनी स्टेडियम (21.79 करोड़ रु.)
क्रिकेट मैदान, इनडोर गेम्स और आधुनिक जिम से सुसज्जित।

स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स (14.60 करोड़ रु.)
बैडमिंटन, स्क्वैश और योगा जैसी सुविधाएं।

कोतवाली मल्टीलेवल पार्किंग (29.76 करोड़ रु.)
192 कार और 325 बाइक की पार्किंग क्षमता।

धान खरीदी में भ्रम न फैलाएं, सख्त कार्रवाई

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी जारी है। उन्होंने किसानों को किसी भ्रम में न रहने की अपील करते हुए स्पष्ट किया कि भ्रम फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी। 14 नवंबर से शुरू हुआ धान खरीदी अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगा। इस वर्ष 27.68 लाख किसानों का पंजीयन हुआ है, जिनमें 1.45 लाख नए किसान शामिल हैं। राज्यभर में 2739 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य है। केंद्रों पर बायोमैट्रिक व्यवस्था, पर्याप्त बारदाना, छांव और पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। किसानों को माइक्रो एटीएम से नकद निकासी की सुविधा भी दी गई है। सीमावर्ती क्षेत्रों में सख्त निगरानी और हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं।

सीजीपीएससी: 246 पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) ने राज्य सेवा परीक्षा 2024 के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। प्रारंभिक परीक्षा 9 फरवरी 2025 और मुख्य परीक्षा 26-29 जून 2025 के बीच होगी। इस भर्ती के तहत कुल 246 पदों पर नियुक्ति होगी, जिसमें डिप्टी कलेक्टर के 7, डीएसपी के 21, और आबकारी उप निरीक्षक के 90 पद शामिल हैं। नायब तहसीलदार के 10 पद भी निकाले गए हैं। अभ्यर्थी 1 दिसंबर से 30 दिसंबर 2024 तक psg.cg.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह परीक्षा युवाओं को सरकारी सेवा में योगदान का एक बड़ा मौका प्रदान करती है। इच्छुक उम्मीदवार समय पर आवेदन करें।

विस्तृत जानकारी पेज - 5 से 45

छत्तीसगढ़ में विकास और जनकल्याण के ऐतिहासिक फैसले

5वीं और 8वीं की परीक्षाएं अब 10वीं के पैटर्न पर, हाउसिंग बोर्ड के प्लॉट में डायवर्सन

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ मंत्रिपरिषद ने शिक्षा, हरित ऊर्जा, आवास, कृषि और न्याय से जुड़े अहम फैसले लिए। कक्षा 5वीं-8वीं की परीक्षाओं के केंद्रीकरण, जल विद्युत शुल्क में छूट, उन्नत बीजों की उपलब्धता और राजनीतिक प्रकरणों की वापसी जैसे निर्णय प्रदेश के विकास को नई दिशा देंगे। HUDCO के साथ 1 लाख करोड़ के वित्तीय सहयोग को भी मंजूरी मिली।

मंत्रि-परिषद की बैठक के महत्वपूर्ण निर्णय

शिक्षा में सुधार

कक्षा 5वीं और 8वीं की परीक्षाओं को केन्द्रीकृत किया गया है, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा और बच्चों को बेहतर अवसर मिलेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग को इसकी जिम्मेदारी देकर शैक्षणिक ढांचे को और मजबूत किया गया है।

कृषि क्षेत्र में प्रगति

उन्नत किस्म के बीज अब उचित मूल्य पर उपलब्ध होंगे, जिससे उनकी पैदावार बढ़ेगी। साथ ही, दहलन-तिलहन का उपार्जन राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा सुनिश्चित कर, उनकी मेहनत का सम्मान और सही मूल्य दिया जाएगा।

शेष पेज दो पर

तिलहन फसलों को बढ़ावा, बीज अनुदान राशि में वृद्धि

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पहल पर तिलहन फसलों के बीज उत्पादन और वितरण पर अनुदान राशि को प्रति क्विंटल 1000 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये करने की मंजूरी दी गई है। यह निर्णय अक्ती बीज संवर्धन योजना के तहत लिया गया है, जिससे तिलहन उत्पादक किसानों को सीधे लाभ होगा। इस कदम से किसानों को बेहतर गुणवत्ता वाले बीजों का उपयोग करने और उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। अनुदान राशि में 500 रुपये की यह वृद्धि तिलहन फसलों की उत्पादकता को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ किसानों की आय में भी वृद्धि करेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह निर्णय किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और कृषि क्षेत्र को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल से राज्य में तिलहन फसलों की खेती को नई ऊर्जा मिलेगी। किसान तिलहन फसलों की कृषि के लिए प्रोत्साहित होंगे और तिलहन की अधिक उपज सुनिश्चित करने के लिए बेहतर बीज का भी इस्तेमाल करेंगे।

फिल्म सिटी की घोषणा

राजभाषा दिवस पर मुख्यमंत्री श्री साय ने दी राज्य को बड़ी सौगात, पद्मश्री विभूतियों की सम्मान राशि में बढ़ोत्तरी

छत्तीसगढ़ में बनेगी फिल्म सिटी "चित्रोत्पला"

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस के अवसर पर 147 करोड़ रुपए की लागत से चित्रोत्पला फिल्म सिटी का निर्माण की घोषणा की। केंद्र सरकार ने इस परियोजना को मंजूरी दे दी है। यह फिल्म सिटी छत्तीसगढ़ी फिल्मों और नाटकों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ पर्यटन को भी बढ़ावा देगी। चित्रोत्पला फिल्म सिटी से छत्तीसगढ़ में न केवल सिनेमा बल्कि पर्यटन और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। यह परियोजना राज्य के सांस्कृतिक और आर्थिक विकास में मील का पत्थर साबित होगी।

साहित्यकारों का सम्मान और पुस्तकों का विमोचन

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी भाषा को समृद्ध करने वाले छह साहित्यकारों को शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा प्रकाशित 12 पुस्तकों का विमोचन किया गया।

पद्मश्री विभूतियों की सम्मान राशि दोगुनी

पद्मश्री विभूतियों के मासिक सम्मान को 5 हजार से बढ़ाकर 10 हजार रुपए करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह कदम राज्य की महान विभूतियों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का प्रयास है।

छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग का पुनर्गठन

छत्तीसगढ़ी भाषा को बढ़ावा देने के लिए राजभाषा आयोग के स्वतंत्र अस्तित्व को बहाल करते हुए साहित्य परिषद् में विलय करने की घोषणा की गई है। यह आयोग भाषा को संरक्षित और समृद्ध करने के लिए लगातार कार्य करेगा।

रिक्रूटमेंट नोटिस

मेडिकल यूनिवर्सिटी
पदः ग्रुप बी, सी
पद संख्याः 332
अंतिम तिथिः 31 दिसंबर 2024
www.kgmu.org

ओपीएससी
पदः एओ
पद संख्याः 124
अंतिम तिथिः 11 दिसंबर 2024
Opsc.gov.in

गेल इंडिया लिमिटेड
पदः सीनियर इंजीनियर समेत अन्य पद
पद संख्याः 261
अंतिम तिथिः 11 दिसंबर 2024
www.gailonline.com

IDBI
पदः जूनियर असिस्टेंट मैनेजर (ग्रेड'O')
पद संख्याः 600
अंतिम तिथिः 30 दिसंबर 2024
https:// www.idbibank.in/

आरआरसी नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे
पदः विभिन्न पद
पद संख्याः 1791
अंतिम तिथिः 10 दिसंबर 2024
www.rrcjaipur.in

इंडियन एयरफोर्स
पदः फ्लाइंग ऑफिसर
पद संख्याः 336
अंतिम तिथिः 31 दिसंबर 2024
afcat. cdac.in

पूर्वी रेलवे
पदः C और D
पद संख्याः 60
अंतिम तिथिः 14 दिसंबर 2024
rrcer.org और rrcrecruit.co.in

वर्ष-22, अंक-26, रायपुर
रोजगार और नियोजन
प्रधान संपादक : डॉ. रवि मित्तल
संपादक : जवाहर लाल दरियो
सहायक संपादक : गीतांजलि नेताम
संपादकीय : अरविन्द मिश्रा, संदीप सिन्हा
ग्राफिक डिजाइनर : धनेश कुमार दिवाकर
डाटा एंट्री आपरेटर : अंजुरानी, राकेश साहू
वितरण व्यवस्था : मोहन मिश्रा, विक्रांत

- कार्यालय पता -
छत्तीसगढ़ संवाद
(छत्तीसगढ़ शासन जनसंपर्क विभाग का उपक्रम)
नार्थ ब्लॉक, सेक्टर 19,
अटल नगर, नवा रायपुर (छत्तीसगढ़)
फोन-0771-2512582, 2512583
ईमेल पता
rojgaraurniyojan@gmail.com

रोजगार और नियोजन निःशुल्क है।

रोजगार और नियोजन में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। रोजगार और नियोजन में प्रकाशित होने वाले लेखों के लिए लेखकों को नियमानुसार मानदेय प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र रायपुर रहेगा।

पिक ऑफ द वीक

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने संविधान दिवस के उपलक्ष्य में 24 नवंबर को आयोजित पदयात्रा कार्यक्रम का नेतृत्व किया।

हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने संविधान दिवस पर दिया भारतीय मूल्यों का संदेश

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने संविधान दिवस के उपलक्ष्य में 24 नवंबर को आयोजित पदयात्रा कार्यक्रम का नेतृत्व किया। यह पदयात्रा पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय सभागृह से अंबेडकर चौक तक आयोजित की गई। पदयात्रा के समापन पर मुख्यमंत्री ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

संविधान दिवस

संविधान, संस्कृति और मूल्यों का प्रतिबिंब

पदयात्रा के बाद आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भारत का संविधान न केवल कानूनों का संकलन है, बल्कि यह हमारी सदियों पुरानी संस्कृति, परंपराओं और जीवन मूल्यों का प्रतिबिंब है। यह संविधान हमारे संघर्ष, अनुभव और उपलब्धियों का परिणाम है।

वर्षभर चलेंगे जागरूकता कार्यक्रम

इस वर्ष संविधान दिवस की थीम ''हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान'' तय की गई है। इसके तहत वर्षभर विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने नागरिकों से संविधान के महत्व को समझने और इसे अपने जीवन में अपनाने का आग्रह किया।

संविधान के चित्रों में छिपा संदेश

मुख्यमंत्री ने संविधान के प्रारूप में चित्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि ये चित्र भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि संविधान का हर पहलू हमें लोकतंत्र को भारतीय मूल्यों के साथ आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है।

रोजगार और नियोजन डीपीआर की वेबसाइट पर

छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुरूप राज्य के प्रतिष्ठित समाचार पत्र रोजगार और नियोजन अब डीपीआर की वेबसाइट https://dprcg.gov.in/

पर ऑनलाइन उपलब्ध हो रहा है। इससे पाठकों को नवीनतम नौकरी के अवसरों, करियर सलाह, और विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाओं की जानकारी आसानी से मिल सकेगी। अब अपने स्मार्टफोन, टैबलेट या कंप्यूटर पर समाचार पत्र को एक्सेस कर सकते हैं।

सिविल जज के 49 पदों पर भर्ती के लिए 151 देंगे इंटरव्यू

सिविल जज के 49 पदों पर भर्ती के लिए 151 देंगे इंटरव्यू सिविल जज के 49 पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए इंटरव्यू 2 दिसंबर से शुरू हो गया है। 151 उम्मीदवारों को चिंहित किया गया है। इंटरव्यू को लेकर सीजीपीएससी से पिछले दिनों शिड्यूल जारी किया गया। इसके अनुसार 2 से 11 दिसंबर तक चलेगा। इसके एक दिन पहले दस्तावेज सत्यापन किया जा रहा है। इसमें अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को इंटरव्यू में शामिल होने का अवसर नहीं मिलेगा। यह 15 अंकों के लिए होगा। गौरतलब है कि पिछले साल सिविल जज की वैकेंसी निकली थी। प्रारंभिक परीक्षा भी पिछले साल ही हुई थी। जनवरी 2024 में रिजल्ट आए थे। इसके आधार पर 542 उम्मीदवारों को मुख्य परीक्षा के लिए चिंहित किया गया था। यह परीक्षा अगस्त में हुई थी पिछले दिनों इसका रिजल्ट जारी हुआ।

एनसीसी युवाओं में जगाता है राष्ट्रप्रेम और अनुशासन

76 वां एनसीसी डेः एयर विंग ने दिखाया हवा में रोमांच, घुड़सवारों ने लगाई चार फीट ऊंची छलांग

राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में 76वां एनसीसी दिवस समारोह पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स की शानदार परेड की सलामी ली और उनके प्रदर्शन की प्रशंसा की। कैडेट्स ने एरो मॉडलिंग, घुड़सवारी और सेक्शन मूवमेंट जैसे रोचक प्रदर्शन प्रस्तुत किए।

एनसीसी कैडेट्स के लिए हवाई प्रशिक्षण शुरू



राष्ट्र निर्माण का आधार

मुख्यमंत्री ने कहा कि एनसीसी युवाओं को अनुशासन, साहस और सेवा भावना सिखाता है। यह संगठन देश की राष्ट्रीय एकता को मजबूत करता है और युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना जगाता है। उन्होंने गर्व से कहा कि गणतंत्र दिवस पर छत्तीसगढ़ के कैडेट्स को तिरंगे को सलामी देते देखना गर्व की बात है।

बेटियों की भागीदारी बढ़ने पर प्रसन्नता

एनसीसी में बेटियों की बढ़ती भागीदारी की सराहना सीएम साय ने की। उन्होंने कहा कि हमारी बेटियां राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर रही हैं। गर्ल्स बटालियन की सफलता इस बात का प्रमाण है कि छत्तीसगढ़ की बेटियां हर क्षेत्र में आगे हैं। श्री साय ने रायपुर सहित बिलासपुर, अंबिकापुर, जगदलपुर और जशपुर में एनसीसी कैडेट्स के लिए हवाई प्रशिक्षण शुरू करने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं को बेहतर अनुभव मिलेगा और उनके कौशल का विकास होगा।

पुस्तक का विमोचन किया

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए युवाओं से इस दिशा में योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि एनसीसी के प्रशिक्षित युवा भविष्य में देश की तरक्की में अहम भूमिका निभाएंगे। समारोह के अंत में मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को पुरस्कृत किया और 76वें एनसीसी दिवस पर प्रकाशित पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने एनसीसी परिवार को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया।

पेज 1 का शेष...

हरित ऊर्जा शुल्क समाप्त

जल विद्युत परियोजनाओं के लिए 'हरित ऊर्जा शुल्क' और उससे जुड़ी बढ़ोतरी की शर्तें समाप्त कर दी गई हैं। इससे राज्य में ग्रीन एनर्जी और निवेश को नई दिशा मिलेगी, साथ ही पर्यावरण-संरक्षण को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

गृह निर्माण मण्डल

गृह निर्माण मण्डल द्वारा फ्री-होल्ड किए गए आवासीय भूखण्डों पर व्यपवर्तन शुल्क, प्रीमियम, और अर्थदण्ड से छूट दी गई है। इससे हजारों मकान खरीदारों को सीधा लाभ मिलेगा और आवासीय क्षेत्र में निवेश बढ़ेगा।

HUDCO के साथ साझेदारी

हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (HUDCO) के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इसके तहत छत्तीसगढ़ को अगले 5 वर्षों में 1 लाख करोड़ रुपए तक की वित्तीय सहायता, परामर्श, और क्षमता विकास सेवाएं प्राप्त होंगी।

न्याय और जनहित

राजनीतिक आंदोलनों से जुड़े 54 प्रकरणों को न्यायालय से वापस लेने का निर्णय लिया गया है। यह कदम जनहित को प्राथमिकता देने और राजनीतिक स्थिरता लाने के उद्देश्य से किया गया है

छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री न्योता भोज बना सामाजिक परस्परता का माध्यम

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ के स्कूलों में "न्योता भोजन" कार्यक्रम ने नया आयाम स्थापित किया है। अब तक 30,000 स्कूलों में 75,000 से अधिक बार न्योता भोज का आयोजन हो चुका है। मुख्यमंत्री ने इसे छत्तीसगढ़ की दान परंपरा से जोड़ा है और कहा कि बच्चों में कुपोषण मिटाने और सामुदायिक जुड़ाव बढ़ाने में यह योजना सफल हो रही है।

'बस संगवारी एप' यात्रियों को घर बैठे मिलेगी बस की समय सारणी

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ में बस यात्रियों की सुविधा के लिए 'बस संगवारी एप' लॉन्च किया। इस एप के माध्यम से यात्री घर बैठे बसों की समय-सारणी और रूट की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। 5000 से अधिक बसों की जानकारी एप में उपलब्ध है, जिसे गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। जल्द ही इस एप में अंतर्राज्यीय बसों की ट्रेकिंग और रियल-टाइम लोकेशन की सुविधा भी जोड़ी जाएगी। मुख्यमंत्री ने इस पहल को यात्रियों के लिए सुगम और सुविधाजनक यात्रा का माध्यम बताया। एप को जीपीएस से जोड़कर यात्रियों को लाइव ट्रेकिंग की सुविधा दी जाएगी, जिससे बस स्टॉप पर इंतजार की परेशानी समाप्त होगी।

राष्ट्रीय एकलव्य क्रीड़ा प्रतियोगिता 15 से 19 दिसंबर तक

राजधानी रायपुर में 15 से 19 दिसंबर तक राष्ट्रीय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इस प्रतियोगिता में 25 राज्यों के लगभग 6,000 खिलाड़ी शामिल होंगे। खेलों में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, कुश्ती, हॉकी, कबड्डी, खो-खो समेत 23 खेल आयोजित किए जाएंगे। खिलाड़ियों की सुविधा और सफल आयोजन के लिए 26 समितियां गठित की गई हैं। प्रतियोगिताएं रायपुर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों और खेल मैदानों में होंगी। ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पंजीयन की प्रक्रिया जारी है।

नगरीय प्रशासन विभाग का नया पोर्टल लॉन्च

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग का नया विभागीय पोर्टल www.cguadfinance.in लॉन्च किया गया। यह पोर्टल 15वें वित्त आयोग, अधोसंरचना मद और अन्य योजनाओं की प्रगति की निगरानी करेगा। इससे कार्यों की त्वरित समीक्षा, संसाधन बचत और पेपरलेस प्रशासन को बढ़ावा मिलेगा। यह पोर्टल प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'डिजिटल इंडिया' और 2047 तक विकसित भारत के विजन की दिशा में बड़ा कदम है। पोर्टल के माध्यम से लोगों को सुविधा मिलेगी।

जनजातीय समुदायों के समग्र विकास के लिए छत्तीसगढ़ में अनेक योजनाएं संचालित

जनजातीय समाज का इतिहास धरती पर मनुष्य के पहले पदचाप के साथ जुड़ा हुआ है। जनजातीय संस्कृति ने भगवान श्रीराम को अपने हृदय में बसा रखा है। भगवान राम ने छत्तीसगढ़ में ही वनवास बिताया, यहीं पर उन्होंने माता शबरी के जूठे बेर खाए। जनजातीय अस्मिता का प्रश्न भारत की सनातन परंपरा की अस्मिता से जुड़ा हुआ प्रश्न है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में जनजातीय अस्मिता, अस्तित्व और विकास विषय पर आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए यह बात कही। हमारे लिए गर्व की बात है कि जनजातीय समुदायों की अस्मिता और विरासत के प्रति संवेदनशील यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का नेतृत्व मिला है।

छत्तीसगढ़ में इकोरेस्टोरेशन पॉलिसी होगी लागू

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ राज्य में इकोरेस्टोरेशन पॉलिसी जल्द लागू होगी। इस पॉलिसी के तहत वनों का संवर्धन, जल स्त्रोतों का संरक्षण, मिट्टी के कटाव को रोकने और जैव विविधता को बढ़ावा देने पर जोर दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ देश का दूसरा राज्य बनेगा, जहां यह पॉलिसी लागू होगी। वन मंत्री श्री केदार कश्यप और वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने 'क्लाइमेट रेसिलिएंट छत्तीसगढ़' कार्यशाला में इस पॉलिसी के महत्व पर चर्चा की। कार्यशाला में विशेषज्ञों और नीति-निर्माताओं ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के उपायों पर विचार किए।

डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ में तेज़ी से हो रहा विकास - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ में विकास की रेल तेज़ रफ्तार से दौड़ रही है। उन्होंने अपनी रायपुर-बिलासपुर ट्रेन यात्रा के दौरान रेलवे क्षेत्र में किए गए सुधारों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने बताया कि नई रेल परियोजनाओं से यात्री सुविधा बढ़ेगी और खनिज परिवहन को भी गति मिलेगी। रेल लाइन परियोजना सहित कई विकासशील परियोजनाओं से प्रदेश में कनेक्टिविटी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे

मेडिकल कॉलेज अम्बिकापुर के निर्माण कार्यों के लिए 109 करोड़ की स्वीकृति

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ शासन ने मेडिकल कॉलेज अम्बिकापुर के शेष निर्माण कार्यों के लिए 109 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी। इस कदम से अस्पताल भवन, ऑडिटोरियम और गेस्ट हाउस के निर्माण में तेजी आएगी। सरगुजा सांसद श्री चिंतामणि ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए यह महत्वपूर्ण प्रयास किया।

राष्ट्रीय

के-4 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण

भारतीय नौसेना ने परमाणु पनडुब्बी आईएनएस अरिघात से 3500 किलोमीटर तक मार करने वाली के-4 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया। यह परीक्षण देश की दूसरी स्ट्राइक क्षमता को प्रमाणित करने के लिए महत्वपूर्ण है। सूत्रों ने बताया कि इस परीक्षण से पहले डीआरडीओ (रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन) ने पानी के भीतर प्लेटफॉर्म से मिसाइल दागने के लिए व्यापक ट्रायल किए थे।

भारत-रूस सैन्य सहयोग, मास्को में चौथी बैठक से नई दिशा में साझेदारी

सैन्य और सैन्य-तकनीकी सहयोग पर भारत-रूस अंतर सरकारी आयोग के कार्य समूह की चौथी बैठक रूस के मास्को में संपन्न हुई। रक्षा मंत्रालय ने बताया है कि यह बैठक दोनों देशों के बीच लंबे समय से चली आ रही रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है। बैठक में दोनों देशों के बीच परिचालन तालमेल को मजबूत करने के लिए संयुक्त सैन्य अभ्यासों के विस्तार पर भी सहमति व्यक्त की। भारत-रूस रणनीतिक साझेदारी के घोषणापत्र पर वर्ष 2000 में हस्ताक्षर किए गए थे, जिसे 2010 में विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया गया था। भारत-रूस रक्षा सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच, और उभरती सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए नए क्षेत्रों की सहयोग की पहचान करने के लिए मंच प्रदान करता है।

विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग की घोषणा की

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 116वें एपिसोड में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग की घोषणा की। यह अगले साल स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती पर 11-12 जनवरी को दिल्ली के भारत मंडपम में होगा। यह पहल राजनीति में उन युवाओं को जोड़ने के प्रयासों का हिस्सा है, जिनकी कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है। प्रधानमंत्री ने मासिक मन की बात रेडियो प्रसारण में कहा कि विभिन्न गांवों ब्लॉकों, जिलों और राज्यों से चुने गए ऐसे दो हजार युवा इस डायलॉग में शामिल होंगे। देश-विदेश के तमाम विशेषज्ञ और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय शख्सियतें भी मौजूद रहेंगी। इसमें युवा अपने विचार सीधे हमारे सामने रखेंगे। इन विचारों को आगे बढ़ाने और एक ठोस रोडमैप बनाने के लिए खाका तैयार किया जाएगा। ये ऐसे युवाओं के लिए महान अवसर है, जो भावी पीढ़ी के लिए भारत के भविष्य का निर्माण करने जा रहे हैं। डायलॉग के जरिये करीब एक लाख युवाओं को राजनीति से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

भारत की रक्षा क्षमता ने विश्व का ध्यान आकर्षित किया है: राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारत की रक्षा क्षमता ने विश्व का ध्यान आकर्षित किया है। वेलिंगटन ऊटी में डिफेंस सर्विसेज स्टाफ ट्रेनिंग कॉलेज में एक संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि रक्षा बलों में महिलाओं की भागीदारी पर देश को गर्व है। दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन की अपनी हाल की यात्रा को याद करते हुए उन्होंने कहा कि महिला सैनिक कठिन परिस्थितियों में भी मजबूती के साथ खड़ी हैं। उन्होंने विभिन्न देशों से विशेष पाठ्यक्रम में भाग लेने वाली महिला अधिकारियों की सराहना की। एक महिला नौसेना अधिकारी की सराहना करते हुए श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि गोवा में कार्यक्रम के दौरान युवा और ऊर्जावान अग्निवीरों से मिलना एक शानदार अनुभव था।

आधार: फ्री अपडेट की सीमा अब 14 दिसंबर

यूआईडीएआई ने आधार को फ्री में अपडेट कराने की तारीख बढ़ाकर 14 दिसंबर कर दी है। अब बिना किसी शुल्क के आधार में अपना नाम, पता, जन्म की तारीख जैसी जानकारी अपडेट करवा सकते हैं। निशुल्क ऑनलाइन अपडेट करवाने पर मिलेगी।

राज्यसभा की 6 सीटों के लिए 20 को मतदान

नई दिल्ली निर्वाचन आयोग ने राज्यसभा की 6 खाली सीटों पर चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है। 20 दिसंबर को चुनाव होंगे। उसी दिन नतीजे भी घोषित किए जाएंगे। आंध्र की 3, ओडिशा, हरियाणा और बंगाल की 1-1 सीट पर चुनाव होंगे। 10 दिसंबर को नामांकन की आखिरी तारीख है।

पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत लगभग 25 लाख लाभार्थी पंजीकृत

पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत लगभग 25 लाख लाभार्थी पंजीकृत हैं। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्यमंत्री शोभा करंदलाजे ने लोकसभा में एक लिखित प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य 18 व्ययवसायों में लगे कारीगरों और शिल्पियों को सहायता उपलब्ध कराना है। सुश्री करंदलाजे ने कहा कि सितंबर 2023 से अक्टूबर 2024 तक पीएम विश्वकर्मा के तहत दो हजार 122 करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है।

वॉट्सएप: अब ग्रुप चैट मेंशन का नया फीचर

वॉट्सएप नया फीचर ला रहा है। इसकी मदद से यूजर ग्रुप के सभी सदस्यों को एक बार में ही किसी स्टेटस को मेंशन कर सकेगा। अब तक अपडेट को एक बार में केवल पांच यूजर को ही भेजा जा सकता है। नए फीचर के आने के बाद यह सीमा खत्म हो जाएगी। अब ग्रुप के सभी सदस्यों को नोटिफिकेशन जाएगा।

हेमंत सोरेन ने चौथी बार झारखंड के मुख्यमंत्री पद

हेमंत सोरेन ने चौथी बार झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। सोरेन राज्य के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले हैं। उन्हें राज्यपाल संतोष गंगवार ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। 49 वर्षीय सोरेन राज्य के लिए एक और कार्यकाल की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं, जिससे उनके नेतृत्व में राज्य के विकास और कल्याण की नई दिशा संभव हो सकेगी।

अंतरराष्ट्रीय

लिंडा मैकमहोन बनीं अमेरिका की नई शिक्षा मंत्री

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने डब्ल्यूडब्ल्यूई की पूर्व कार्यकारी अधिकारी लिंडा मैकमहोन को शिक्षा मंत्री नियुक्त किया है, जिससे राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई है। रेसलिंग इंडस्ट्री से जुड़ीं लिंडा का शिक्षा क्षेत्र में सीमित अनुभव है। उन्होंने कनेक्टिकट यूनिवर्सिटी के लिए ट्रस्टी के रूप में काम किया और रिपब्लिकन पार्टी को मजबूत समर्थन दिया। लिंडा शिक्षा मंत्रालय समाप्त करने और मार्क्सवादी विचारधारा हटाने की समर्थक हैं। 2016 में ट्रम्प के चुनाव अभियान में 50 करोड़ रुपये का योगदान देने वाली लिंडा स्टूडेंट लोन योजनाओं की भी विरोधी रही हैं। यह नियुक्ति शिक्षा नीति में बड़े बदलावों का संकेत देती है।

'मैनिफेस्ट' शब्द को 'वर्ड ऑफ द ईयर'

लंदन 'मैनिफेस्ट' शब्द को कैम्ब्रिज डिक्शनरी का 'वर्ड ऑफ द ईयर 2024' घोषित किया गया है। इस शब्द को डिक्शनरी की वेबसाइट पर 1.3 लाख बार सर्च किया गया। मशहूर हस्तियां इसका उपयोग इस अर्थ में कर रही हैं- 'इस विश्वास से किसी उपलब्धि की कल्पना करना कि ऐसा करने से उसके हकीकत में होने की संभावना बढ़ जाएगी।' गायिका हुआ लिपा और ओलिंपिक जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स जैसी मशहूर हस्तियों ने 2024 में अपनी सफलता की कहानी बताने के लिए इस शब्द का इस्तेमाल किया।

जनरल द्विवेदी को नेपाल सेना का महारथी सम्मान

नेपाल के राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल ने भारतीय सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी को नेपाली सेना का मानद महारथी बैज और खड्ग प्रदान किया। नेपाल और भारत के बीच सैन्य संबंधों की निरंतरता के रूप में, दोनों देशों में दोनों देशों के कमांडर- इन-चीफ को मानद महारथी का पद देने की परंपरा है। द्विवेदी 4 दिनी नेपाल यात्रा पर हैं। यहां जनरल द्विवेदी ने नेपाल के सेनाध्यक्ष अशोक सिडगेल से सैन्य संबंधों पर चर्चा की।

पीएम मोदी को अमेरिका में शांति सम्मान

पीएम मोदी को अमेरिका में विश्व शांति सम्मान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को वाशिंगटन ऐडवेंटिस्ट यूनिवर्सिटी और एक संगठन अमेरिका इंडिया माइनॉरिटी एसोसिएशन (AIAM) ने मिलकर 'डॉ. मार्टिन लूथर किंग जूनियर विश्व शांति पुरस्कार' से सम्मानित किया है। उन्हें यह पुरस्कार समाज में शांति के लिए उनकी कोशिशों और अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए दिया गया है।

भारत-ऑस्ट्रेलिया के रक्षा सहयोग को नई उड़ान

भारत और ऑस्ट्रेलिया ने दोनों देशों की वायु सेनाओं को हवा से हवा में ईंधन भरने में सक्षम बनाने के लिए एक व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया है। इस व्यवस्था के तहत रॉयल ऑस्ट्रेलियन एयर फोर्स (आरएएएफ) का हवा से हवा में ईंधन भरने वाला विमान (केसी-30ए मल्टी-रोल टैंकर ट्रांसपोर्ट) भारतीय सैन्य विमानों में ईंधन भरने में सक्षम होगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पैट कॉनरॉय एमपी ने लाओस की राजधानी क्यिनतियाने में क्षेत्रीय सुरक्षा सम्मेलन के मौके पर एक द्विपक्षीय बैठक में इस व्यवस्था की घोषणा की। इस कदम से भारत-प्रशांत क्षेत्र में भारतीय सेना की पहुंच और आसान होने की उम्मीद है।

मस्क दुनिया में अब तक के सबसे अमीर शख्स

एलन मस्क इतिहास में अब तक के सबसे अमीर शख्स बन गए हैं। फोर्ब्स के अनुसार, मस्क की संपत्ति 29 लाख करोड़ रु. हो गई है। यूएस राष्ट्रपति चुनाव की शुरुआत से टेस्ला के शेयर 40% बढ़ चुके हैं।

एशियाई विकास बैंक के अध्यक्ष के रूप में मासातो कांडा की नियुक्ति

शियाई विकास बैंक के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स ने सर्वसम्मति से मासातो कांडा को 11वां अध्यक्ष चुना है। वर्तमान में श्री कांडा, जापान के प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री के विशेष सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं। एशियाई विकास बैंक ने बताया कि श्री कांडा अगले साल फरवरी में मासात्सुगु असकावा की जगह पदभार ग्रहण करेंगे।

ट्रम्प ने कीथ केलॉग को रूस-यूक्रेन विशेष दूत नियुक्त किया

अमरीका के निर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प ने अवकाश-प्राप्त जनरल कीथ केलॉग को रूस और यूक्रेन का विशेष दूत नामित किया है। श्री ट्रम्प ने एक बयान में कहा कि जनरल कीथ यूक्रेन और रूस के लिए राष्ट्रपति के विशेष दूत होंगे। जनरल कीथ श्री ट्रम्प के पहले कार्यकाल में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े संवेदनशील पदों पर रहे थे। एक अन्य फैसले में, श्री ट्रम्प ने भारतीय मूल के डॉक्टर जय भट्टाचार्य को राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान यानी नेशनल इंस्टीच्यूट ऑफ हेल्थ का प्रमुख नियुक्त किया है। डॉक्टर भट्टाचार्य का जन्म कोलकाता में हुआ था।

आस्ट्रेलिया में बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर रोक

आस्ट्रेलियाई सीनेट ने बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर रोक लगाने वाला विधेयक का पारित कर दिया। दुनिया में यह इस तरह का पहला कानून होगा। अब सोशल मीडिया मंचों के पास इस बात के लिए एक साल का वक्त है कि वे इस पाबंदी को कैसे लागू करते हैं। इस कानून में व्यवस्था की गयी है कि टिकटॉक, फेसबुक, स्नैपचैट, रेड्डिट, एक्स और इंस्टाग्राम समेत सोशल मीडिया मंच यदि 16 साल के कम उम्र के बच्चों पर एकाउंट खोलने रखने में रोक लगाने में विफल रहते हैं तो उन पर पांच करोड़ आस्ट्रेलियाई डॉलर तक का जुर्माना लगेगा। सीनेट में यह विधेयक 19 के मुकाबले 37 मतों से पारित हुआ।

खेल / कला

दिविथ रेड्डी, 8 वर्ष की उम्र में शतरंज की विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक

भारत के आठ वर्षीय दिविथ रेड्डी ने इटली में अंडर-8 विश्व कैडेट शतरंज चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। तेलंगाना के दिविथ ने अधिकतम 11 में से नौ अंक हासिल किए। उनका यह स्कोर भारतीय खिलाड़ी सात्विक स्वैन के बराबर था, लेकिन दिविथ ने अपने बेहतर टाईब्रेक स्कोर के आधार पर स्वर्ण पदक हासिल किया। सात्विक को रजत और चीन के जिमिंग गुओ को कांस्य पदक मिला। दिविथ ने चैंपियनशिप में शुरूआती चार मुकाबले जीते। उन्होने लगातार दो हार के बाद शानदार वापसी की और अंतिम पाँच राउंड में जीत हासिल करते हुए खिताब जीता।

पुरुष जूनियर एशिया कप हॉकी

टूर्नामेंट में भारत ने जापान को 3-2 से हराया। ओमान की राजधानी मस्कट में पुरुष जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में मौजूदा चैंपियन भारत ने जापान को तीन-दो से हरा दिया। प्रतियोगिता में भारत की लगातार दूसरी जीत है। इससे पहले, भारत ने थाईलैंड को 11-0 से हराकर एकतरफा जीत दर्ज की थी। भारत की ओर से थोकचोम किंगसन सिंह, रोहित और अरायजीत सिंह हुंडल ने गोल किए।

22 ग्रैंड स्लैम के चैम्पियन नडाल ने लिया संन्यास

स्पेन के टेनिस स्टार राफेल नडाल ने संन्यास ले लिया। दो दशक के करिअर में उन्होंने 22 ग्रैंड स्लैम जीते। नडाल ने फ्रेंच ओपन 14 बार, यूएस ओपन 4 बार, ऑस्ट्रेलियन ओपन व विम्बलडन 2-2 बार जीता है।

पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद नजीर का निधन

पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर और अंपायर मोहम्मद नजीर जूनियर का लंबी बीमारी के बाद गृहनगर लाहौर में निधन हो गया। वह 78 वर्ष के थे। नजीर पिछले कुछ महीनों से बिस्तर पर थे। उनके बेटे नोमान नजीर ने इसकी पुष्टी की।

दोहरे ओलंपिक विजेता ब्राउनली 36 साल की उम्र में रिटायर

ट्रायथलॉन में दोहरे ओलंपिक स्वर्ण विजेता और दो बार के विश्व चैंपियन ब्रिटेन के एलिस्टेयर ब्राउनली ने 36 साल की उम्र में संन्यास लेने की घोषणा की है। उन्होंने कहा, अब इस अध्याय को यही समाप्त करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा, ट्रायथलॉन ने जिंदगी बना दी। बचपन के सपनों को पूरा किया। अनुमान से कहीं ज्यादा पाया। लंदन 2012 में ब्राउनली ने 1500 मीटर की तैराकी, 40 मीटर की बाइक रेस, 10 किमी की दौड़ जीती। उनके छोटे भाई जोनाथन ने कांस्य जीता था। उसके बाद रियो डि जेनेरियो में खिताब का बचाव किया। टखने की चोट से प्रभावित रहे ब्राउनली ने कहा कि अब ट्रेनिंग में उसके आसपास भी नहीं कर पाता जितना पहले कर चुका हूं। फिट और स्वस्थ रहकर खेल को अलविदा कहना चाहता हूं।

टी 20: तिलक ने बनाए लगातार तीन शतक

हैदराबाद के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मेघालय के खिलाफ 67 गेंदों में 151 रन बनाए। वे लगातार तीन टी 20 में शतक लगाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए।

फॉर्मूला-1: रेड बुल के मैक्स वर्सटापेन लगातार चौथी बार बने वर्ल्ड चैम्पियन

लास वेगास रेड बुल के ड्राइवर मैक्स वर्सटापेन लगातार चौथी बार फॉर्मूला-1 के वर्ल्ड चैम्पियन बन गए हैं। लास वेगास ग्रांप्री में वर्सटापेन पांचवें नंबर पर रहे। सीजन की 22 रेस के बाद वर्सटापेन के 403 अंक हैं। दूसरे नंबर पर मैक्लारेन के लेंडो नॉरिस ORACU हैं, जिनके 340 अंक हैं। सीजन की सिर्फ 2 रेस बाकी हैं। वर्सटापेन लगातार चार बार वर्ल्ड ड्राइवर्स चैम्पियनशिप जीतने वाले चौथे खिलाड़ी हैं।

एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता गुलवीर सिंह ने जापान में स्वर्ण पदक जीता

एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता गुलवीर सिंह ने जापान में हैचीओजी लंबी दूरी की दौड़ स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकार्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। तोक्यो-के नजदीक हैचीओजी में आयोजित इस दौड में पहला स्थान हासिल करने के लिए 26 वर्षीय गुलवीर ने 27 मिनट 14 दशमलव आठ-आठ सेकेंड का समय लिया और अपना ही पुराना राष्ट्रीय रिकार्ड बेहतर किया। उनका इस स्पर्धा में इससे पहले का राष्ट्रीय रिकार्ड 27 मिनट 41 दशमलव आठ-एक सेकेंड समय का था, जो उन्होंने इसी साल 16 मार्च को अमरीका के सान जुआन में बनाया था।

विश्व सैन्य चैंपियनशिप में भारत की स्वर्णिम गूंज: रीतिका हुड्डा ने रचा नया इतिहास

भारत ने अर्मेनिया में विश्व सैन्य चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य समेत कुल सात पदक जीते हैं। भारत की रीतिका हुड्डा ने महिलाओं के 76 किलोग्राम वर्ग में, ज्योति सिहाग ने 55 किलोग्राम वर्ग में और जयदीप ने पुरुषों के 74 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। पुरुषों के 70 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में सूबेदार शरवान ने रजत पदक हासिल किया है। पुरुष वर्ग में 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल में शुभम और 79 किलोग्राम फ्रीस्टाइल में चंद्रमोहन ने कांस्य पदक जीता हैं। प्रियंका ने 68 किलोग्राम महिला वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया है। भारत ने इस वर्ष पहली बार विश्व सैन्य चैंपियनशिप में महिला दल भेजा था।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज, भारतीय टीम का ऐलान

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया गया है। चयनकर्ताओं ने 16 सदस्यीय भारतीय टीम में उमा छेत्री को भी मौका दिया है। 22 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज छेत्री ने इस साल जुलाई में पदार्पण किया था और अब तक चार टी 20 मैच भारत के लिए खेल चुकी है। अब उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चोटिल यास्तिका भाटिया की जगह पहली बार वनडे टीम में शामिल किया गया है।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग

नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

विज्ञापन क्रमांक 03/2024/परीक्षा/दिनांक 26/11/2024

रोजगार नियोजन में प्रकाशन की तिथि: 04/12/2024

::विज्ञापन::

राज्य सेवा परीक्षा – 2024

प्रारंभिक परीक्षा की तिथि 09/02/2025 पूर्वान्ह 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तथा अपरान्ह 03:00 बजे से अपरान्ह 05:00 बजे तक

मुख्य परीक्षा की संभावित तिथि 26, 27, 28, एवं 29 जून 2025

प्रारंभिक परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 01/12/2024 मध्यान्ह 12:00 बजे से दिनांक 30/12/2024 रात्रि 11:59 बजे तक

महत्वपूर्ण

1. **राज्य सेवा परीक्षा-2024** हेतु आवेदन केवल ऑनलाइन एवं निर्धारित तिथि तक ही स्वीकार किए जाएंगे। किसी भी प्रकार के मैनुअल अथवा डाक द्वारा भेजे गए आवेदन पत्र आयोग द्वारा स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
2. परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को आवेदन करने के पूर्व स्वयं सुनिश्चित करना चाहिए कि वे परीक्षा में प्रवेश हेतु सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं। परीक्षा के सभी स्तरों पर उनका प्रवेश पूर्णत: अनंतिम होगा। अभ्यर्थी को प्रवेश-पत्र जारी किए जाने का अर्थ यह नहीं होगा कि उसकी अभ्यर्थिता आयोग द्वारा अंतिम रूप से स्वीकार कर ली गई है। लिखित परीक्षा/साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थी के चिन्हांकन के बाद ही आयोग पात्रता शर्तों की जांच करता है।
3. उपरोक्त परीक्षा के लिए अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा शुल्क व पोर्टल शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से किया जाना है। परीक्षा शुल्क के भुगतान के लिए किसी बैंक के ड्राफ्ट अथवा चेक स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
4. राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2024 के लिए ऑनलाइन आवेदन दिनांक 01/12/2024 को मध्यान्ह 12:00 बजे से दिनांक 30/12/2024 रात्रि 11:59 बजे तक **www.psc.cg.gov.in** पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से किए जा सकेंगे।
5. ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार का कार्य आवेदन करने की अंतिम तिथि के बाद दिनांक 31/12/2024 मध्यान्ह 12:00 बजे से दिनांक 02/01/2025 रात्रि 11:59 बजे तक किया जा सकेगा। उक्त त्रुटि सुधार का कार्य केवल एक बार ऑनलाइन ही किया जा सकेगा। उक्त त्रुटि सुधार निःशुल्क होगा।
6. ऑनलाईन आवेदन में सशुल्क त्रुटिसुधार का कार्य निःशुल्क त्रुटिसुधार करने की अंतिम तिथि के बाद दिनांक 03/01/2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे से 05/01/2025 रात्रि 11:59 बजे तक किया जा सकेगा। उक्त सशुल्क त्रुटि सुधार हेतु रू. 500/- (रूपये पांच सौ) शुल्क लिया जाएगा। उक्त सशुल्क त्रुटि सुधार का कार्य केवल एक बार ऑनलाइन ही किया जा सकेगा। (देखे विज्ञापन कंडिका 19)
7. यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा छत्तीसगढ़ का स्थानीय निवास/मूल निवास में सुधार कर ''नहीं'' का विकल्प दिया जाता है तो उसे शुल्क के अंतर की राशि का भुगतान करना होगा, किन्तु पूर्व में छत्तीसगढ़ का स्थानीय निवास/मूल निवास विकल्प में नहीं दर्शित करने वाले अभ्यर्थियों के मामले में स्थानीय निवास/मूल निवास में ''हां'' के रूप में परिवर्तन की स्थिति में शुल्क अंतर की राशि वापस नहीं की जाएगी।
8. सशुल्क त्रुटि सुधार के पश्चात् प्राप्त अभ्यावेदन को स्वमेव निरस्त माना जाएगा, इस संबंध में विस्तृत सूचना दिनांक 03.07.2023 को जारी की गई थी, जो आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।
9. राज्य सेवा परीक्षा नियम में जिन प्रक्रियाओं/विषयों का उल्लेख नहीं है, उन प्रक्रियाओं या विषयों पर छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग प्रक्रिया नियम 2014 (यथा संशोधित) के प्रावधान लागू होंगे।

(1) छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, रायपुर द्वारा प्रकाशित राज्य सेवा परीक्षा नियम-2008 (यथा संशोधित) एवं शासन द्वारा समय-समय पर जारी की गई अधिसूचनाओं/परिपत्रों के अधीन राज्य सेवा परीक्षा नियम-2008 (जिसे एतद् पश्चात् परीक्षा नियम-2008 कहा जाएगा) के नियम-1 में उल्लेखित सेवाओं/पदों में से निम्नलिखित सेवाओं/पदों पर भर्ती के लिये छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा दिनांक **09 फरवरी 2025** को आयोजित की जाने वाली ''प्रारंभिक परीक्षा'' के लिये ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

(2) राज्य सेवा परीक्षा नियम-2008 के परिशिष्ट-एक में परीक्षा योजना, परिशिष्ट-दो में प्रारंभिक परीक्षा के पाठ्यक्रम व परिशिष्ट-तीन में मुख्य परीक्षा के पाठ्यक्रम की जानकारी संलग्न है। परिशिष्ट-चार में ऑनलाइन आवेदन करने के संबंध में निर्देश एवं अन्य जानकारी उल्लेखित है। परिशिष्ट-पांच, छः, सात एवं आठ में दिव्यांगजन अभ्यर्थियों द्वारा सह-लेखक की सुविधा प्राप्त करने की स्थिति में प्रयुक्त होने वाले आवश्यक प्रपत्र (प्रपत्र-एक, प्रपत्र-दो, प्रपत्र-तीन व प्रपत्र-चार) संलग्न है। ऑनलाइन आवेदन भरने के पूर्व अभ्यर्थी स्वयं परीक्षा नियम-2008 एवं अन्य निर्देशों एवं विज्ञापन की शर्तों को पढ़ कर सुनिश्चित कर लें कि उन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता है अथवा नहीं। यदि कोई अभ्यर्थी प्रारंभिक/मुख्य परीक्षा के किसी भी चरण (Stage) में अथवा प्रारंभिक/मुख्य परीक्षा के परीक्षाफल घोषित होने के बाद भी अनर्ह पाया जाता है अथवा उसके द्वारा दी गई कोई भी जानकारी अपूर्ण/त्रुटिपूर्ण/गलत पाई जाती है तो उसकी अभ्यर्थिता/चयन आयोग द्वारा निरस्त किया जा सकेगा एवं आयोग द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम तथा बंधनकारी होगा।

उपरोक्त विज्ञापित पदों के लिए की जाने वाली चयन प्रक्रियाएं माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के एस.एल.पी.(सी) क्रमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्यधीन होंगी। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि के पूर्व संबंधित विभाग से संशोधित रिक्तियां प्राप्त होने पर, रिक्तियों की अंतिम संख्या में परिवर्तन हो सकता है। राज्य शासन द्वारा निर्धारित रीति से, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ी श्रेणियों तथा बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्तियों, महिला तथा भूतपूर्व सैनिकों के लिए रिक्तियों के आरक्षण के अनुसार चिन्हांकन/चयन की कार्यवाही की जाएगी।

क्रमशः

(3) सेवाओं/पदों का विवरण:-

स.क्र.	पद तथा विभाग का नाम	कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या				कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में से केवल छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी **महिलाओं** के लिए आरक्षित पद				कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में से छत्तीसगढ़ **भूतपूर्व सैनिकों** के लिए आरक्षित पद				कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में से छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी **नि:शक्तजनों** के लिए आरक्षित पद	योग	वेतन मेट्रिक्स
		अनारक्षित	अजा	अजजा	अपिव	अनारक्षित	अजा	अजजा	अपिव	अनारक्षित	अजा	अजजा	अपिव			
1	*2*	*3*	*4*	*5*	*6*	*7*	*8*	*9*	*10*	*11*	*12*	*13*	*14*	*15*	*16*	*17*
1	**राज्य प्रशासनिक सेवा** उप जिलाध्यक्ष सामान्य प्रशासन विभाग	**3**	**1**	**2**	**1**	-	-	-	-	-	-	-	-	-	**7**	56100 (स्तर-12)
2	**राज्य पुलिस सेवा** उप पुलिस अधीक्षक गृह (पुलिस) विभाग	**9**	**2**	**7**	**3**	**2**	-	**2**	-	-	-	-	-	-	**21**	56100 (स्तर-12)
3	**छ.ग. राज्य वित्त सेवा अधिकारी** वित्त विभाग	**3**	**1**	**2**	**1**	-	-	-	-	-	-	-	-	**1** (OA/OL/BL/HH)	**7**	56100 (स्तर-12)
4	**जिला आबकारी अधिकारी** वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग	**1**	-	-	**1**	-	-	-	-	-	-	-	-	-	**2**	56100 (स्तर-12)
5	**सहायक संचालक** वित्त विभाग	**1**	**1**	**1**	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	**3**	56100 (स्तर-12)
6	**सहायक संचालक** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग	**1**	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	**1**	56100 (स्तर-12)
7	**सहायक संचालक/जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी** महिला एवं बाल विकास विभाग	**1**	-	-	**1**	-	-	-	-	-	-	-	-	-	**2**	56100 (स्तर-12)
8	**सहायक संचालक** समाज कल्याण विभाग	**4**	**1**	**2**	-	**1**	-	-	-	-	-	-	-	**1** (OL/HH/OA BL/LV/B)	**7**	56100 (स्तर-12)
9	**मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	**3**	43200 (स्तर-10)
	बैकलॉग	-	**1**	**2**	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-		
10	**बाल विकास परियोजना अधिकारी** महिला एवं बाल विकास विभाग	**2**	**1**	**3**	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	**6**	38100 (स्तर-9)
11	**छ.ग. अधीनस्थ लेखा सेवा अधिकारी** वित्त एवं योजना विभाग	**13**	**4**	**11**	**4**	**3**	**1**	**3**	**1**	**1**	-	**1**	-	**2** (OA/OL/OAL/BL/HH)	**32**	38100 (स्तर-9)
12	**नायब तहसीलदार** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग	**5**	**1**	**3**	**1**	**1**	-	-	-	-	-	-	-	-	**10**	35400 (स्तर-8)
13	**राज्य कर निरीक्षक** वाणिज्यिक कर विभाग	**16**	**4**	**12**	**5**	**4**	**1**	**3**	**1**	**1**	-	**1**	-	-	**37**	28700 (स्तर-7)
14	**आबकारी उप निरीक्षक** वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग	**30**	**9**	**23**	**10**	**9**	**2**	**6**	**3**	**3**	-	**2**	**1**	-	**90**	28700 (स्तर-7)
	बैकलॉग	-	**6**	**12**	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-		
15	**उप पंजीयक** वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग	**1**	-	**3**	**1**	-	-	-	-	-	-	-	-	-	**6**	28700 (स्तर-7)
	बैकलॉग	-	**1**	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-		
16	**सहकारी निरीक्षक/ सहकारिता विस्तार अधिकारी** सहकारिता विभाग	**3**	-	**1**	**1**	-	-	-	-	-	-	-	-	**1** (OA/OL/OAL)	**5**	28700 (स्तर-7)
17	**सहायक जेल अधीक्षक** गृह (जेल) विभाग	**3**	**1**	**1**	**2**	-	-	-	-	-	-	-	-	-	**7**	25300 (स्तर-6)
	कुल योग	**96**	**34**	**85**	**31**										**246**	

Abbreviation Used: OA-One Arm, OL-One Leg, BL-Both Leg, HH-Hearing Handicapped, B-Blind, OAL-One Arm and One Leg, LV-Low Vision

महत्वपूर्ण टीप:-

(i) ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि तक सेवा संवर्ग एवं पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।

(ii) यह विज्ञापन संबंधित विभागों के मांग-पत्र में उल्लेखित पदों की संख्या के अनुरुप प्रकाशित किया जा रहा है।

(iii) छत्तीसगढ़ के स्थानीय/मूल निवासी नि:शक्तजन ही मान्य होंगे। प्रारंभिक परीक्षा परिणाम जारी करने की तिथि को लागू आरक्षण का लाभ छत्तीसगढ़ के स्थानीय/मूल निवासियों को प्राप्त होगा तथा सभी प्रकार की आयु में छूट (विधवा, महिला, अनु.जाति, अनु.जन. जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, नि:शक्तजन, भूतपूर्व सैनिक) स्थानीय निवासियों को प्राप्त होगी। किन्तु अन्य राज्य के निवासी जो छत्तीसगढ़ राज्य में संविदा पर कार्यरत है, उन्हें भी आयु सीमा में संविदा आधार पर कार्य वर्षों के लिए नियमानुसार छूट प्राप्त होगी। देखे विज्ञापन की कंडिका 8.2 (A)

क्रमशः

(iv) प्रारंभिक परीक्षा एवं मुख्य परीक्षा के लिए न्यूनतम अर्हता अंक - प्रत्येक प्रश्न-पत्र में अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थी को न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक तथा आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को न्यूनतम 23 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

(v) अत्यंत महत्वपूर्ण:- अभ्यर्थी विज्ञापन में दिए गए निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ने के बाद ही ऑनलाइन आवेदन करें।

(vi) मान्य दिव्यांगता के प्रकार का विवरण निम्नानुसार है (पदों की ऑनलाइन अग्रमान्यता दर्शित करते समय नि:शक्तजन को उपलब्ध होने वाले विकल्प इस सूची के अनुसार होगें) :-

स.क्र.	पद तथा विभाग का नाम	दिव्यांगता का प्रकार	स.क्र.	पद तथा विभाग का नाम	दिव्यांगता का प्रकार
01	**राज्य प्रशासनिक सेवा** उप जिलाध्यक्ष सामान्य प्रशासन विभाग	OA, OL, BL, OAL, B, LV, HH	10	**बाल विकास परियोजना अधिकारी** महिला एवं बाल विकास विभाग	OA, OL, OAL, BL, B, LV, HH
02	**राज्य पुलिस सेवा** उप पुलिस अधीक्षक गृह (पुलिस) विभाग	Not Applicable	11	**छ.ग. अधीनस्थ लेखा सेवा अधिकारी** वित्त एवं योजना विभाग	OA, OL, OAL, BL, HH
03	**छ.ग. राज्य वित्त सेवा अधिकारी** वित्त विभाग	OA, OL, BL, HH	12	**नायब तहसीलदार** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग	OA, OL, OAL, BL, B, LV, HH
04	**जिला आबकारी अधिकारी** वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग	Not Applicable	13	**राज्य कर निरीक्षक** वाणिज्यिक कर विभाग	Not Applicable
05	**सहायक संचालक** वित्त विभाग	OL, HH, OA, BL, LV, B	14	**आबकारी उप निरीक्षक** वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग	Not Applicable
06	**सहायक संचालक** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग	OL, HH, OA, BL, LV, B	15	**उप पंजीयक** वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग	OA, OL, OAL, BL, HH
07	**सहायक संचालक/जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी** महिला एवं बाल विकास विभाग	OA, OL, OAL, BL, B, LV, HH	16	**सहकारी निरीक्षक/ सहकारिता विस्तार अधिकारी** सहकारिता विभाग	OA, OL, OAL
08	**सहायक संचालक** समाज कल्याण विभाग	OL, HH, OA, BL, LV, B	17	**सहायक जेल अधीक्षक** गृह (जेल) विभाग	Not Applicable
09	**मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग	OA, OL, LV, BL, HH			

(4) (i) छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर (अन्य प्रदेश) के निवासी ऐसे अभ्यर्थी जो अपने राज्य में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में मान्य हो, अनारक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिये विज्ञापित पदों के विरूद्ध ही अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के समान विचारित किये जाएंगे, आरक्षित पदों के विरूद्ध नहीं। ऐसे अभ्यर्थियों को वर्ग के रूप में अनारक्षित वर्ग का ही चयन करना होगा।

(ii) छत्तीसगढ़ राज्य के अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी को आरक्षण का लाभ केवल गैर क्रीमीलेयर होने पर देय है। जाति प्रमाण पत्र के साथ गैर क्रीमीलेयर के अंतर्गत मान्य किए जाने हेतु साक्षात्कार की अंतिम तिथि से पिछले 03 वर्ष के भीतर जारी किया हुआ आय प्रमाण पत्र अभ्यर्थी के पास होना चाहिए।

शासकीय सेवकों के पुत्र/पुत्री के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही की जाएगी जिस हेतु अभ्यर्थी को दस्तावेज सत्यापन के समय अपने माता व पिता की सेवा में प्रथम नियुक्ति तथा पदोन्नती संबंधी समस्त आदेशों की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

जिन अभ्यर्थियों के पिता की मृत्यु हो गई है उन्हें माता के नाम से जारी आय प्रमाण-पत्र तथा माता एवं पिता दोनों की मृत्यु हो गई है तो स्वयं अथवा अभिभावक के नाम से जारी आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करते हुए, माता-पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

जिन अभ्यर्थियों के माता-पिता का तलाक हो चुका है उन्हें माता-पिता का तलाकनामा अथवा बिना तलाक के कई वर्षो से विलग हैं तो उस स्थिति में उन्हें माता-पिता विलग होने संबंधी शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। विवाहित महिला अभ्यर्थी को अपने पिता के नाम से जारी आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(5) (A) प्रारंभिक परीक्षा के केन्द्र:-

कोड	परीक्षा केन्द्र का जिला	कोड	परीक्षा केन्द्र का जिला	कोड	परीक्षा केन्द्र का जिला
01	सरगुजा (अंबिकापुर)	12	कोरबा	23	बीजापुर
02	कोरिया (बैकुण्ठपुर)	13	महासमुन्द	24	सुकमा
03	बिलासपुर	14	रायपुर	25	बेमेतरा
04	धमतरी	15	रायगढ़	26	बालोद
05	दुर्ग	16	राजनांदगांव	27	गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही
06	दंतेवाड़ा	17	बलौदाबाजार-भाटापारा	28	मुंगेली
07	बस्तर (जगदलपुर)	18	बलरामपुर-रामानुजगंज	29	खैरागढ़-छुईखदान-गंडई
08	जांजगीर-चांपा	19	सूरजपुर	30	मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर
09	जशपुर	20	गरियाबंद	31	मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी
10	कवर्धा	21	नारायणपुर	32	सक्ती
11	उत्तर बस्तर कांकेर	22	कोण्डागांव	33	सारंगढ़-बिलाईगढ़

क्रमशः

(B) मुख्य परीक्षा के केन्द्र:-

कोड	परीक्षा केन्द्र का जिला	कोड	परीक्षा केन्द्र का जिला	कोड	परीक्षा केन्द्र का जिला
01	सरगुजा (अम्बिकापुर)	03	दुर्ग	05	रायपुर
02	बिलासपुर	04	बस्तर (जगदलपुर)		

टीप:- (i) आयोग द्वारा प्रशासनिक सुविधा की दृष्टि से अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र आबंटित किया जाएगा एवं परीक्षा केन्द्र परिवर्तन हेतु अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा। आयोग अभ्यर्थी द्वारा मांगा गया परीक्षा केन्द्र आबंटित करने का प्रयास करेगा परंतु प्रशासनिक व व्यवस्थागत कारणों से ऐसा संभव न हो तो अभ्यर्थी को अन्य परीक्षा केन्द्र/परीक्षा शहर आबंटित कर सकेगा। प्रत्येक परीक्षा शहर हेतु बैठक क्षमता पूर्व निर्धारित है। परीक्षा शहर की बैठक क्षमता के बराबर संख्या में अभ्यर्थियों द्वारा उक्त परीक्षा शहर का चयन कर लिए जाने पर वह परीक्षा शहर चयन हेतु उपलब्ध नहीं रहेगा। इस संबंध में आयोग द्वारा किसी भी प्रकार का अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

(ii) आयोग निर्धारित परीक्षा केन्द्रों/शहर में कमी या वृद्धि भी कर सकता है।

(6) **मुख्य परीक्षा हेतु आवेदन:-** प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम के आधार पर जो अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा के लिये पात्र होंगे, उन्हें मुख्य परीक्षा हेतु पुनः, निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन आवेदन करना होगा अन्यथा उनकी अभ्यर्थिता निरस्त की जावेगी।

(7) **न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता:-** अभ्यर्थी के पास भारत में केन्द्रीय या राज्य विधान मंडलों के अधिनियम द्वारा निगमित/समाविष्ट विश्वविद्यालयों में से किसी विश्वविद्यालय की या संसद के किसी अधिनियम द्वारा स्थापित या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 1956 की धारा 3 के अधीन विश्वविद्यालय मानी गई किसी शैक्षणिक संस्था की उपाधि (डिग्री) होनी चाहिए अथवा उसके समकक्ष अर्हता होनी चाहिए।

टीप:- (i) ऐसे अभ्यर्थी जो ऐसी किसी परीक्षा में बैठे हों या बैठेंगे जिसमें उत्तीर्ण होने से वे आयोग की इस परीक्षा के लिए शैक्षणिक रूप से अर्ह हो जाएंगे किन्तु जिन्हें परिणाम की जानकारी नहीं हुई है तथा ऐसे अभ्यर्थी जो ऐसी अर्हकारी परीक्षा में बैठना चाहते हों वे भी प्रारंभिक परीक्षा में प्रवेश के पात्र होंगे। ऐसे समस्त अभ्यर्थियों के लिए जो आयोग द्वारा राज्य सेवा मुख्य परीक्षा के लिए अर्ह घोषित किए गए हो उन्हें मुख्य परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को अथवा उसके पूर्व उक्त अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी तथा दस्तावेज सत्यापन के समय इस संदर्भ में वैध प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।

(ii) ऐसे अभ्यर्थी भी जिनके पास ऐसी व्यवसायिक तथा तकनीकी अर्हताएं हो जो राज्य शासन द्वारा व्यवसायिक तथा तकनीकी उपाधि के समकक्ष रूप में मान्यता प्राप्त हो, परीक्षा में प्रवेश के पात्र होंगे।

(7.1) **परिवीक्षा अवधि:-** चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति 03 वर्ष की परिवीक्षा पर की जाएगी।

(8) आयु की गणना हेतु निर्धारित तिथि:- अभ्यर्थियों के राज्य सेवा परीक्षा-2024 के लिये न्यूनतम एवं अधिकतम आयु (जिसमें इसके आगे किये गये उल्लेख अनुसार आयु सीमा में छूट भी शामिल है) की **गणना दिनांक 01.01.2024** के संदर्भ (Reference) में की जाएगी, अतएव अभ्यर्थी, आवेदन करने के पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि वे उक्त तिथि के संदर्भ में परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु निर्धारित न्यूनतम एवं अधिकतम आयु सीमा के अंतर्गत है।

आयु सीमा एवं आयु सीमा में छूटें:-

(8.1) राज्य आरक्षी सेवा के उप पुलिस अधीक्षक के पदों के अभ्यर्थियों के लिये आयु सीमा, आयु सीमा में छूटें और शारीरिक मानक निम्नानुसार होंगे:-

(A) **आयु सीमा -** छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ-3-2/2002/1/3 दिनांक 15.06.2010 की कंडिका-4 एवं छत्तीसगढ़ पुलिस कार्यपालिक (राजपत्रित) सेवा भर्ती तथा पदोन्नति नियम 2005 के अनुसार उप पुलिस अधीक्षक हेतु आयु सीमा 21 से 28 वर्ष निर्धारित की गई है।

(B) **आयु सीमा में छूटें:-**

(i) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) के अभ्यर्थी के संबंध में उच्चतर आयु सीमा अधिकतम पांच वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

(ii) कोई अभ्यर्थी जो छत्तीसगढ़ के भूतपूर्व सैनिक हो, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में की गई समस्त प्रतिरक्षा सेवा की कालावधि कम करने की अनुज्ञा दी जाएगी बशर्ते इसके परिणामस्वरूप जो आयु हो, वह उच्चतर आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो।

(iii) छत्तीसगढ़ शासन के स्थायी/अस्थायी शासकीय सेवकों तथा छत्तीसगढ़ राज्य के निगम/मंडल के कर्मचारियों की अधिकतम आयु 33 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। यह रियायत आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले कर्मचारी, कार्यभारित कर्मचारी, परियोजना कार्यान्वयन समिति के अन्तर्गत कार्यरत कर्मचारी को भी अनुज्ञेय होगी।

(iv) कोई अभ्यर्थी जो छटनी किया हुआ सरकारी सेवक हो, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में की गई संपूर्ण अस्थाई सेवा की अधिक से अधिक 7 वर्ष तक की कालावधि, भले ही वह एक से अधिक बार की गई सेवा हो, कम करने की अनुज्ञा दी जाएगी, बशर्ते कि इसके परिणामस्वरूप जो आयु हो वह उच्चतर आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो।

स्पष्टीकरण:- शब्द ''छटनी किया गया शासकीय सेवक'' से द्योतक है ऐसा व्यक्ति जो इस राज्य की अथवा किन्हीं भी संघटक इकाईयों की शासकीय सेवा में निरंतर कम से कम छह मास की कालावधि तक रहा हो तथा जो रोजगार कार्यालय में अपना पंजीयन कराने अथवा शासकीय सेवा में नियोजन हेतु अन्यथा आवेदन देने की तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व कर्मचारियों की संख्या में कमी किये जाने के कारण सेवा मुक्त किया गया हो।

क्रमशः

(v) स्वयंसेवी होमगार्ड के मामले में उच्चतर आयु सीमा उनके द्वारा की गई सेवा की कालावधि के लिये 8 वर्ष की सीमा के अध्यधीन रहते हुए शिथिल की जाएगी किन्तु किसी भी मामले में उनकी आयु 33 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

(vi) सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 3-1/2016/1-3 नया रायपुर, दिनांक 11.01.2017 के अनुसार केवल छत्तीसगढ़ राज्य की स्थानीय निवासी महिलाओं के लिए उच्चतर आयु में 10 वर्ष की छूट होगी।

(vii) छत्तीसगढ़ की स्थानीय निवासी विधवा-परित्यक्ता महिला अभ्यर्थियों को 05 वर्ष की छूट प्राप्त होगी।

(viii) छत्तीसगढ़ के मूल निवासी आदिम जाति, अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन कार्यक्रम के अधीन पुरस्कृत दम्पत्ति के सवर्ण पार्टनर के संबंध में सामान्य उच्चतर आयु सीमा 05 वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

(ix) राज्य में प्रचलित शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार, गुण्डाधूर सम्मान, महाराजा प्रवीरचन्द्र भंजदेव सम्मान प्राप्त खिलाड़ियों तथा राष्ट्रीय युवा पुरस्कार प्राप्त युवाओं को सामान्य अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट दी जाएगी।

(C) **उप पुलिस अधीक्षक के लिये शारीरिक मापदंड:-**

(i) **ऊँचाई** - 168 सेंटीमीटर या उससे अधिक: (पुरूष अभ्यर्थियों के लिए) 155 सेंटीमीटर या उससे अधिक (महिला अभ्यर्थियों के लिए)।

(ii) **सीना** - बिना फुलाए 84 सेंटीमीटर, फुलाने पर 89 सेंटीमीटर, अभ्यर्थी के बगैर फुलाए हुए और फुलाए हुए सीने के बीच कम से कम 5 सेंटीमीटर का अन्तर होना चाहिए, इस मामले में किसी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी। महिला अभ्यर्थियों के मामले में सीने का माप अपेक्षित नहीं है।

(iii) अभ्यर्थी को शारीरिक रूप से **नि:शक्त** नहीं होना चाहिए।

(iv) अभ्यर्थी चिकित्सीय दृष्टि से योग्य (Medically Fit) होना चाहिए और दृष्टि जाँच (Vision Test) में अल्पदृष्टि नहीं होनी चाहिए। उसकी समस्त रंगों के प्रति स्पष्ट दृष्टि होनी चाहिए। उसे शारीरिक या मानसिक रूप से अक्षम नहीं होना चाहिए।

(v) यदि अभ्यर्थी उप पुलिस अधीक्षक के पद के लिये उपरोक्तानुसार निर्धारित शारीरिक मापदंड पूर्ण नहीं करते हैं तो वे उक्त पद पर नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे अतएव अभ्यर्थी उक्त पद के लिये अपना विकल्प देते समय स्वयं यह सुनिश्चित कर लें कि वे निर्धारित शारीरिक मापदंड पूर्ण करते हैं। इस हेतु जो अभ्यर्थी उक्त पद के लिये अपना विकल्प देते हैं, उनसे मुख्य परीक्षा के परीक्षा परिणाम के आधार पर साक्षात्कार के पूर्व शपथ पत्र लिया जाएगा एवं तत्पश्चात् उनके द्वारा दिया गया कोई भी अभ्यावेदन विचारणीय नहीं होगा।

(8.2) **उप पुलिस अधीक्षक के अतिरिक्त अन्य पदों के लिये निर्धारित आयु सीमा निम्नानुसार है:-**

(A) **आयु सीमा** - छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 3-2/2002/1-3 रायपुर दिनांक 15.06.2010 एवं परिपत्र क्रमांक एफ 3-2/2015/1-3 नया रायपुर, दिनांक 18.01.2024 के अनुसार निम्नानुसार आयु सीमा होगी:-

(i) अभ्यर्थी की आयु 21 वर्ष पूर्ण कर ली हो किन्तु 30 वर्ष से अधिक न हो, परन्तु छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 3-2/2002/1-3 रायपुर दिनांक 15.06.2010 में दिए गए निर्देश के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय/मूल निवासी अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु 35 वर्ष निर्धारित है, किन्तु परिपत्र क्रमांक एफ 3-2/2015/1-3 नवा रायपुर, दिनांक 18.01.2024 में दिए गए निर्देश के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के शिक्षित बेरोजगारों के हित को दृष्टिगत रखते हुए, राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासियों को अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष में 05 वर्ष की छूट होगी।

(ii) उपरोक्त आयु सीमा के प्रावधान गृह (पुलिस) विभाग के (अधिकारी/ कर्मचारियों) के लिये लागू नहीं रहेंगे। गृह (पुलिस) विभाग में सीधी भर्ती के पदों हेतु गृह (पुलिस) विभाग के भर्ती नियमों में जो आयु सीमा संबंधित व्यवस्था निर्धारित/प्रावधानित है उसी अनुरूप आयु सीमा सीधी भर्ती के लिये लागू रहेगी।

(iii) छत्तीसगढ़ के अन्य विशेष वर्ग जैसे-अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला, निःशक्तजन आदि के लिये अधिकतम आयु सीमा में जो छूट है, वे छूट लागू रहेगी **किन्तु सभी छूटों को मिलाकर उनके लिए अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।**

(iv) छत्तीसगढ़ शासन के स्थायी/अस्थायी शासकीय सेवकों तथा छत्तीसगढ़ राज्य के निगम/मंडल के कर्मचारियों की अधिकतम आयु 38 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। यह रियायत आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले कर्मचारी, कार्यभारित कर्मचारी, परियोजना कार्यान्वयन समिति के अन्तर्गत कार्यरत कर्मचारी को भी अनुज्ञेय होगी। परन्तु यह कि छत्तीसगढ़ के आरक्षित वर्ग अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग, निःशक्तजन एवं महिला/विधवा/परित्यक्ता आदि वर्ग के आवेदकों को उनके वर्ग को मिलने वाली आयु में छूट यथावत् मिलती रहेगी। परन्तु इस छूट के बाद अधिकतम आयु किन्ही भी परिस्थितियों में 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

(v) छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 3-2/2002/1-3 रायपुर दिनांक 30.01.2012 के अनुसार संविदा पर नियुक्त व्यक्तियों को शासकीय सेवा में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में उतने वर्ष की छूट दी जाएगी, जितने वर्ष उसने संविदा के रुप में सेवा की है। यह छूट **अधिकतम 38 वर्ष की आयु सीमा तक रहेगी।**

(B) **आयु सीमा में छूटें:-**

(i) राज्य सेवा परीक्षा नियम-2008 (यथा संशोधित) के नियम-5 (ग) (आ) में उल्लेखित क्रमांक (एक) से (सत्रह) तक की छूटें अभ्यर्थी को दी जाएगी। अन्य विशेष वर्गो के लिए अधिकतम आयु सीमा में देय सभी छूट यथावत् रहेंगी, किन्तु सभी छूटों को मिलाकर उनके लिए अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

(ii) छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 20-4/2014/आ.प्र./1-3 नया रायपुर दिनांक 27.09.2014 एवं 17.11.2014 के अनुसार निःशक्तता से ग्रस्त व्यक्तियों को निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट दी जाएगी।

(iii) अन्य पदों के लिए शारीरिक मापदंड राज्य सेवा परीक्षा नियम के नियम-9 एवं संबंधित विभाग के भर्ती नियमों में उल्लेखित है।

क्रमशः

शारीरिक मापदण्डः-

स.क्र.	पद का नाम	ऊंचाई		सीना (केवल पुरूष)		
		पुरूष	महिला	बिना फुलाए	फुलाने पर	न्यूनतम अंतर
1	*2*	*3*	*4*	*5*	*6*	*7*
1	उप पुलिस अधीक्षक	168 से.मी.	155 से.मी.	84 से.मी.	89 से.मी.	5 से.मी.
2	जिला आबकारी अधिकारी	163 से.मी.	152.4 से.मी.	79 से.मी.	84 से.मी.	5 से.मी.
3	सहायक जेल अधीक्षक	1.65 मी. (अजजा-1.58 मी.)	1.55 मी.	0.80 मी. (अजजा-0.78 मी.)	-	-
4	जिला सेनानी	168 से.मी.	155 से.मी.	84 से.मी.	89 से.मी.	5 से.मी.
5	अधीक्षक जिला जेल	168 से.मी.	155 से.मी.	84 से.मी.	89 से.मी.	5 से.मी.
6	आबकारी उप निरीक्षक	165 से.मी.	152.4 से.मी.	81 से.मी.	86 से.मी.	5 से.मी.

टीपः- उपरोक्त तालिका के पदों हेतु अभ्यर्थी को चिकित्सीय दृष्टि से योग्य (Medically Fit) होना चाहिए और दृष्टि जाँच (Vision Test) में अल्पदृष्टि नहीं होनी चाहिए। उसकी समस्त रंगों के प्रति स्पष्ट दृष्टि होनी चाहिए। उसे शारीरिक या मानसिक रूप से अक्षम नहीं होना चाहिए।

(9) नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण-पत्रः-

(i) यदि अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ शासन के अधीन शासकीय विभाग/निगम/मंडल/ उपक्रम में कार्यरत हों अथवा भारत सरकार अथवा उनके किसी उपक्रम की सेवा में कार्यरत हों या राष्ट्रीयकृत/अराष्ट्रीयकृत बैंक, निजी संस्थाओं एवं किसी भी विश्वविद्यालय में कार्यरत हों तो वे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, परन्तु ऑनलाइन आवेदन करने के पूर्व अथवा इसके तुरंत पश्चात् उन्हें अपने नियुक्ति प्राधिकारी/कार्यालय प्रमुख को ''अनापत्ति प्रमाण-पत्र'' सीधे आयोग को भेजने के लिए निवेदन करते हुए आवेदन कर पावती प्राप्त करते हुए इसे सुरक्षित रखना चाहिए।

(ii) यदि ऐसे अभ्यर्थी को आयोग द्वारा साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाता है, तो उन्हें साक्षात्कार के पूर्व नियुक्ति प्राधिकारी/कार्यालय प्रमुख को अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी करने हेतु प्रस्तुत आवेदन की प्रति एवं उक्त आवेदन की नियुक्ति प्राधिकारी/कार्यालय प्रमुख द्वारा दी गई अभिस्वीकृति (जिसमें आवेदन प्राप्ति की तिथि भी अंकित हो) प्रस्तुत करना होगा।

(iii) यदि अभ्यर्थी उपरोक्तानुसार ''अनापत्ति प्रमाण पत्र'' प्रस्तुत करने में असफल रहते हों, तो ऐसी स्थिति में उनका साक्षात्कार तो लिया जाएगा, परन्तु साक्षात्कार पश्चात् चयन की स्थिति में उन्हें संबंधित संस्था द्वारा भारमुक्त न किये जाने आदि के फलस्वरूप उनकी नियुक्ति निरस्त किए जाने की स्थिति बनती है तो इसके लिए आयोग/शासन के संबंधित विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी तथा इस संबंध में ऐसे अभ्यर्थी का कोई अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(10) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) के अभ्यर्थियों के लिये विज्ञापन में दी गई विभिन्न छूट केवल छत्तीसगढ़ के मूल/स्थानीय निवासी तथा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा घोषित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति तथा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्य अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) के लिए ही लागू होगी। अन्य प्रदेश के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को अनारक्षित श्रेणी का माना जाएगा।

टीपः- समस्त आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को स्पष्ट रूप से सूचित किया जाता है कि वे सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण-पत्र बनाकर तैयार रखें। मुख्य परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन में यथास्थान सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र का स्पष्ट उल्लेख कर प्रमाण पत्र का क्रमांक, दिनांक, जारीकर्ता का पदनाम एवं अन्य जानकारी का स्पष्ट उल्लेख करें। निर्धारित स्थान पर संबंधित प्रमाण पत्र का स्पष्ट उल्लेख नहीं किए जाने की अवस्था में अभ्यर्थी को आयोग द्वारा छूट देना संभव नहीं होगा तथा ऐसे अभ्यर्थी को अनर्ह घोषित किया जा सकेगा।

(11) अन्य निर्देश/जानकारी

(i) प्रारंभिक परीक्षा में अभ्यर्थी का प्रवेश पूर्णतः प्रावधिक है क्योंकि आयोग ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ कोई भी प्रमाण पत्र यथा शैक्षणिक योग्यता/जन्मतिथि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति /अन्य पिछड़ा वर्ग/मूल निवासी प्रमाण पत्र/निःशक्तजन/विधवा/परित्यक्तता/तलाकशुदा/भूतपूर्व सैनिक आदि होने का प्रमाण पत्र इत्यादि प्राप्त नहीं करता है। समस्त प्रमाण पत्र मुख्य परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार के पूर्व, अनुप्रमाणन फार्म के साथ प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। जिसके परीक्षण उपरांत अभ्यर्थी की अर्हता (Eligibility) की जांच की जाएगी।

(ii) प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा के लिए केवल अनुवीक्षण (Screening) परीक्षा होती है। अभ्यर्थियों के अंतिम चयन में इस परीक्षा के प्राप्तांकों को नहीं जोड़ा जाएगा।

(iii) आयोग द्वारा राज्य सेवा परीक्षा संबंधी अंतिम चयन सूची जारी किए जाने के पश्चात् प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा तथा अंतिम चयन परिणाम की जानकारी अभ्यर्थियों के ऑनलाईन एकाउन्ट में उपलब्ध करवाई जाएगी। राज्य सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा के परिणाम के साथ ही उक्त परीक्षा के विज्ञापित वर्ग एवं उपवर्ग वार, कट-ऑफ अंक जारी किए जाएंगे।

(iv) परीक्षा के समय परीक्षार्थी केन्द्राध्यक्ष के अनुशासनिक या प्रशासनिक नियंत्रण में रहेंगे। अनुचित साधन का उपयोग करना या करने का प्रयास करना, दी गई उत्तरपुस्तिका एवं प्रश्न-पत्र को क्षति पहुंचाना, निरीक्षक/केन्द्राध्यक्ष/अधिकारियों के निर्देश की अवमानना करना, दुर्व्यवहार, अपशब्दों का उपयोग, अशिष्ट आचरण, धमकी देना, शारीरिक क्षति पहुंचाना आदि को दण्डनीय माना जाएगा।

(v) आयोग की परीक्षा प्रणाली में पुनर्मूल्यांकन/पुनर्गणना का कोई प्रावधान नहीं है और इस विषय में प्राप्त अभ्यावेदनों पर कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी।

(vi) परीक्षा परिसर में मोबाइल फोन या अन्य संचारी यंत्र वर्जित है।

क्रमशः

(vii) **पहचान चिन्ह:-**

प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त कहीं पर भी अपना नाम, अनुक्रमांक, कोई धार्मिक चिन्ह, कोई पहचान चिन्ह या उत्तर के अतिरिक्त अन्य कोई अक्षर, शब्द, वाक्य या कोई धार्मिक शब्द/वाक्य नहीं लिखा जाना चाहिए। उत्तर पुस्तिका में नीले व काले बॉल पॉइण्ट पेन के अतिरिक्त अन्य किसी भी रंग अथवा किसी प्रकार के पेन जैसे स्केच पेन, हाइलाइटर, ग्लीटर पेन... इत्यादि का प्रयोग न करें। ऐसा करने पर आयोग द्वारा संबंधित अभ्यर्थी के अंकित प्रकरण पर उक्त प्रश्न पत्र के प्राप्तांक में से 05 अंक की कटौती की जाएगी अथवा उक्त उत्तर-पुस्तिका का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा। उक्त संदर्भ में आयोग का निर्णय अंतिम होगा।

टीप:- **प्रश्न-पत्र 01भाषा के किसी प्रश्न के उत्तर में कहीं पर भी नाम लिखने की आवश्यकता हो तो अ,ब,स (A,B,C) लिखें तथा यदि कहीं शहर, कस्बे, ग्राम या स्थान का नाम लिखने की आवश्यकता हो तो क,ख,ग (X,Y,Z) लिखें, जो पहचान चिन्ह के श्रेणी में नहीं आएंगे।**

(12) यदि आवश्यक हुआ तो विज्ञापन के संबंध में सूचनायें आयोग द्वारा "रोजगार और नियोजन" अथवा दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञप्ति प्रकाशित कर अथवा आयोग की वेब-साईट में यथा समय दी जाएगी।

(13) **अत्यन्त महत्वपूर्ण:-**

(i) छत्तीसगढ़ निःशक्तजन/छत्तीसगढ भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के अभ्यर्थी, ऑनलाइन आवेदन पत्र में यथास्थान स्पष्ट उल्लेख कर प्रमाण पत्र का क्रमांक, दिनांक, जारीकर्ता का पदनाम एवं अन्य जानकारी का स्पष्ट उल्लेख करें।

(ii) आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, 2016 तथा भारत सरकार, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के पत्र क्रमांक F.No. 29-6/2019-DD-III Dated 10/08/2022 के अनुसार अभ्यर्थी को प्रपत्र-1 एवं प्रपत्र-2 पर दिए गए प्रपत्र के अनुसार किसी सरकारी स्वास्थ्य देखभाल संस्था के मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सिविल सर्जन/चिकित्सा अधीक्षक द्वारा जारी इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए जाने पर कि संबंधित उम्मीदवार लिखने में शारीरिक रूप से अक्षम है तथा उसकी ओर से परीक्षा लिखने के लिए सह लेखक की सेवाएं लेना अपरिहार्य है, सह लेखक के उपयोग की अनुमति दी जा सकेगी। अभ्यर्थी स्वयं नियमानुसार सह लेखक की व्यवस्था कर सकते है अथवा जिला/संभाग कार्यालय से सहलेखक उपलब्ध कराने हेतु निवेदन कर सकते है।

(iii) स्वयं के अथवा जिला/संभाग कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए सह लेखक की योग्यता परीक्षा के लिए निर्धारित न्यूनतम योग्यता मापदंड से कम होनी चाहिए तथापि सह लेखक की योग्यता सदैव मैट्रिक अथवा इससे अधिक होनी चाहिए। अपना सह लेखक लाने या जिला/संभाग कार्यालय को इसके लिए अनुरोध करने संबंधी विवेकाधिकार उम्मीदवार का है। परीक्षा में सह लेखक की सुविधा लेने वाले अभ्यर्थी जो जिला/संभाग कार्यालय से सह लेखक प्राप्त करना चाहते हो अथवा स्वयं सह लेखक लाना चाहते हो तो उन्हें ऑनलाइन आवेदन के समय विज्ञापन के परिशिष्ट-पांच, छः, सात व आठ के अनुसार उपलब्ध प्रपत्र-1, प्रपत्र-2, प्रपत्र-3 एवं प्रपत्र-4 प्राप्त कर, प्रपत्र-1 में सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर, प्रपत्र-2 व प्रपत्र-3 में परिक्षार्थी के हस्ताक्षर, प्रपत्र-4 में सहलेखक के हस्ताक्षर प्राप्त कर जिला/संभाग कार्यालय से सहलेखक प्राप्त करने अथवा स्वयं अपने सह लेखक को परीक्षा दिवस के दिन अपने साथ ले जाने हेतु संबंधित जिला या संभाग कार्यालय में प्रस्तुत करने होंगे अन्यथा अभ्यर्थी सहलेखक की सुविधा का उपयोग नहीं कर सकेगा। स्वयं सहलेखक की व्यवस्था करने अथवा जिला/संभाग कार्यालय से सहलेखक की सुविधा लेने, दोनो हीं स्थितियों में प्रपत्र 01, 02, 03 व 04 पूर्ण रूप से भरकर एवं संबंधित द्वारा हस्ताक्षरित कराकर संबंधित जिला/संभाग कार्यालय में प्रस्तुत कर, सहलेखक संबंधी अनुमति प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा अन्यथा परीक्षा दिवस के दिन अभ्यर्थी सहलेखक की सुविधा का उपयोग नही कर सकेंगे।

(iv) नेत्रहीनता, दोनों बाजुओं से प्रभावित और प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात श्रेणियों के अंतर्गत बैंचमार्क दिव्यांगता वाले उम्मीदवारों को परीक्षा के प्रत्येक घंटे हेतु 20 मिनट प्रतिपूरक समय प्रदान किया जाएगा। परिशिष्ट पांच से आठ तक उपलब्ध प्रपत्र-1, प्रपत्र-2, प्रपत्र-3 एवं प्रपत्र-4 के अनुसार किसी सरकारी स्वास्थ्य देखभाल संस्था के मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सिविल सर्जन/चिकित्सा अधीक्षक द्वारा जारी इस आशय का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किए जाने पर कि संबंधित उम्मीदवार लिखने में शारीरिक रूप से अक्षम है, यह सुविधा प्रदान की जाएगी। जिन अभ्यर्थियों को सहलेखक की सुविधा दी जाती है उन अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि वे इस संबंध में सभी औपचारिकताओं की पूर्ति हेतु प्रवेश पत्र जारी होने के पश्चात परीक्षा तिथि के 05 दिन पूर्व आयोग द्वारा अधिकृत संबंधित जिला/संभाग कार्यालय से ऑनलाइन आवेदन के पश्चात डाउनलोड किए गए प्रपत्र-1, प्रपत्र-2, प्रपत्र-3 एवं प्रपत्र-4 को भरकर तथा संबंधित के हस्ताक्षर प्राप्त कर संपर्क करें। जिला/संभाग कार्यालय द्वारा परीक्षा केन्द्राध्यक्ष के नाम से जारी पत्र जिसमें अभ्यर्थी को परीक्षा में सहलेखक के उपयोग की अनुमति सहलेखक के विवरण के साथ दी जाएगी।

(v) छत्तीसगढ़ भूतपूर्व सैनिकों के लिए जो पद आरक्षित किए गए हैं वे पद ऐसे अभ्यर्थी जो स्वयं भूतपूर्व सैनिक हो (भूतपूर्व सैनिक पर आश्रित अभ्यर्थी मान्य नहीं होंगे) तथा जिन्होंने पूर्व में किसी शासकीय सेवा में नियोजन हेतु भूतपूर्व सैनिक आरक्षण का लाभ न लिया हो के लिए आरक्षित होंगे। ऐसे भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थियों के लिए साक्षात्कार पूर्व दस्तावेज सत्यापन के समय भूतपूर्व सैनिक के डिस्चार्ज सर्टिफिकेट (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निर्धारित प्रपत्र में) अभिवचन पत्र तथा मूल निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है। अभिवचन का नमूना निम्नानुसार है:-

अभिवचन (Undertaking) का प्रारुप

मैंने राज्य सेवा परीक्षा के विज्ञापन क्रमांक ..... के अंतर्गत आवेदन पत्र आयोग को प्रस्तुत किया है तथा मैं छत्तीसगढ़ निवासी भूतपूर्व सैनिक हूं। अतः भूतपूर्व सैनिक के लिए आरक्षित पद के विरुद्ध मुझे भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के अंतर्गत मान्य किया जाए। भूतपूर्व सैनिक होने का प्रमाण-पत्र संलग्न है।

मैने पूर्व में शासकीय सेवा में नियुक्ति हेतु भूतपूर्व सैनिक को देय आरक्षण का लाभ प्राप्त नहीं किया है।

हस्ताक्षर .....

नाम .....

नोटः- ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्होने शासकीय सेवा में नियुक्ति हेतु पूर्व में भूतपूर्व सैनिक को देय आरक्षण का लाभ प्राप्त कर लिया हैं, उन्हें पुनः भूतपूर्व सैनिक को देय आरक्षण का लाभ प्राप्त नहीं होगा।

क्रमशः

टीप:- **(i)** भूतपूर्व सैनिक = थल सेना/जल सेना/वायु सेना

(ii) अर्ध सैनिक बल भूतपूर्व सैनिक के अंतर्गत पात्र नहीं होंगे।

(14) **राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा हेतु आयोग को कोई प्रमाण पत्र/दस्तावेज भेजने/अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है।**

(15) **(i)** राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के वास्तविक प्राप्तांकों (प्रथम प्रश्न पत्र-सामान्य अध्ययन) के आधार पर ही प्रावीण्य सूची बनेगी। इस प्रावीण्य सूची में विज्ञापित पदों के वर्गवार पंद्रह गुणा तथा अंतिम चयनित अभ्यर्थी के समान अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा हेतु चिन्हांकित किया जाएगा।

(ii) राज्य सेवा मुख्य परीक्षा के वास्तविक प्राप्तांकों के आधार पर ही प्रावीण्य सूची बनेगी। इस प्रावीण्य सूची में विज्ञापित पदों के वर्गवार तीन गुणा तथा अंतिम चयनित अभ्यर्थी के समान अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु चिन्हांकित किया जाएगा।

(16) विज्ञापित पदों का अग्रमान्यता पत्रक साक्षात्कार के पूर्व निर्धारित तिथि में अभ्यर्थियों से ऑनलाइन प्राप्त किया जाएगा तथा इसी अग्रमान्यता पत्रक के अनुसार गुणानुक्रम में अभ्यर्थियों का चयन होगा। अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन अग्रमान्यता पत्रक प्रस्तुत कर देने के पश्चात् उसमें परिवर्तन/संशोधन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी अभ्यर्थियों द्वारा निर्धारित समयावधि में अग्रमान्यता नहीं भरने पर विज्ञापित पदों के क्रम अनुसार अभ्यर्थियों की अग्रमान्यता निर्धारित की जाएगी। अग्रमान्यता में संशोधन के संदर्भ में कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(17) साक्षात्कार एवं मुख्य परीक्षा में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर अभ्यर्थी द्वारा अग्रमान्यता पत्रक में दिये अधिमान के क्रम तथा अर्हता के अनुसार पद आंबटित किये जाएंगे। अग्रमान्यता पत्रक में जिन पदों के लिए अभ्यर्थी द्वारा अधिमान नहीं दिया जाएगा उन पदों के लिए उसके नाम पर विचार नहीं किया जाएगा।

(18) **ऑनलाईन आवेदन हेतु आवेदन शुल्क:-**

(i) छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर के निवासी आवेदकों के लिए रूपये 400/- (चार सौ रूपये) आवेदन शुल्क देय होगा। **छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी आवेदकों से कोई परीक्षा शुल्क नहीं लिया जाएगा।** सभी अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल शुल्क + जीएसटी शुल्क देय होगा किन्तु सशुल्क त्रुटि सुधार की प्रक्रिया में त्रुटि सुधार शुल्क तथा पेमेंट गेटवे शुल्क निर्धारित दर अनुसार अभ्यर्थी द्वारा देय होंगे।

(19) ऑनलाईन आवेदन तथा त्रुटि सुधार की समयावधि समाप्त होने के उपरांत विशेष प्रकरण मानते हुए अभ्यर्थियों को केवल जन्मतिथि, लिंग, वर्ग, मूल निवास, निःशक्तता एवं भूतपूर्व सैनिक संबंधित त्रुटियों में ही सुधार का अवसर विज्ञापन में दर्शित समयावधि के लिए सशुल्क दिया जाएगा।

(i) सशुल्क त्रुटि सुधार हेतु संबंधित अभ्यर्थी से एक या अधिक त्रुटियों के सुधार के लिए रूपये 500/- का शुल्क लिया जाएगा। यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन पोर्टल में छत्तीसगढ़ के स्थानीय/मूल निवासी कॉलम में हां के स्थान पर नहीं का त्रुटि सुधार किया जाता है तो अभ्यर्थी को नियमानुसार शुल्क का भुगतान करना होगा। छत्तीसगढ़ स्थानीय/मूल निवासी कॉलम में नहीं के स्थान पर हां का त्रुटि सुधार किया जाता है तो शुल्क की राशि वापस नहीं होगी।

(ii) सशुल्क त्रुटि सुधार की प्रक्रिया में पेमेंट गेटवे शुल्क तथा लागू कर निर्धारित दर अनुसार अभ्यर्थी द्वारा देय होंगे।

(iii) सशुल्क त्रुटि सुधार के पश्चात् किसी भी अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार से त्रुटि सुधार का कोई अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

(iv) सशुल्क त्रुटि सुधार के पश्चात संबंधित अभ्यर्थी के डाटा को अंतिम माना जाएगा तथा साक्षात्कार/अंतिम चयन के पूर्व दस्तावेज परीक्षण के दौरान उक्त डाटा का मूल दस्तावेजों के आधार पर सत्यापन किया जाएगा।

(v) त्रुटि सुधार की प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाईन होगी।

(20) **अनर्हता:-** छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 के नियम 6 के अनुसार निम्नलिखित प्रकार की अनर्हता भी लागू होगी:-

(i) कोई भी पुरूष अभ्यर्थी, जिसकी एक से अधिक पत्नियां जीवित हों और कोई भी महिला अभ्यर्थी जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो जिसकी पहले ही एक पत्नि जीवित हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा/होगी।

परन्तु यदि शासन का इस बात से समाधान हो जाए कि ऐसा करने के विशेष कारण हैं, तो वह ऐसे अभ्यर्थी को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगा।

(ii) कोई भी अभ्यर्थी किसी सेवा या पद पर तब तक नियुक्त नहीं किया जाएगा जब तक उसे ऐसी स्वास्थ्य परीक्षा में, जो विहित की जाए, मानसिक और शारीरिक रुप से स्वस्थ्य और सेवा या पद के कर्तव्य के पालन में बाधा डाल सकने वाले किसी मानसिक या शारीरिक दोष से मुक्त ना पाया जाए।

परन्तु आपवादिक मामलों में किसी अभ्यर्थी को उसकी स्वास्थ्य परीक्षा के पूर्व किसी सेवा या पद पर इस शर्त के अध्यधीन अस्थायी रुप से नियुक्त किया जा सकेगा कि यदि उसे स्वास्थ्य की दृष्टि से अयोग्य पाया गया तो उसकी सेवाएं तत्काल समाप्त की जा सकेगी।

(iii) कोई भी अभ्यर्थी किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए उस स्थिति में पात्र नहीं होगा, यदि ऐसी जांच के बाद, जैसे कि आवश्यक समझी जाए, नियुक्ति प्राधिकारी का इस बात से समाधान हो जाए कि वह सेवा या पद के लिए किसी दृष्टि से उपयुक्त नहीं है।

(iv) कोई भी अभ्यर्थी जिसे महिलाओं के विरुद्ध किसी अपराध का सिद्ध दोष ठहराया गया हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा। परन्तु जहां तक किसी अभ्यर्थी के विरुद्ध न्यायालय में ऐसे मामले, लंबित हों तो उसकी नियुक्ति का मामला आपराधिक मामले का अंतिम विनिश्चय होने तक लंबित रखा जाएगा। उपरोक्त नियम के परिप्रेक्ष्य में शासकीय सेवा में नियुक्ति हेतु ऐसे अभ्यर्थी जिसके विरूद्ध बालिकाओं एवं महिलाओं से छेड़छाड़, दुष्कर्म आदि से संबंधित नैतिक अधोपतन की श्रेणी में आने वाले अपराध के अंतर्गत प्रकरण दर्ज हो, उन्हें शासकीय सेवाओं एवं पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकरण के अंतिम निर्णय होने तक प्रतिबंधित किया जाए। (छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ 1-1/2017/1-3 नवा रायपुर, दिनांक 11/09/2023)

(v) कोई भी अभ्यर्थी, जिसने विवाह के लिए नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

क्रमशः

(21) विज्ञापन के संबंध में संपूर्ण जानकारी/संशोधन आदि का प्रकाशन आयोग की वेबसाइट में जारी/प्रकाशित किया जाता है। अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे आयोग के वेबसाइट/पोर्टल का सतत् अवलोकन करते रहें। आयोग उपरोक्तानुसार प्रकाशित किये जाने वाले संशोधन/जानकारी की पृथक सूचना व्यक्तिशः जारी नहीं करेगा।

(22) **विज्ञप्ति में उल्लेखित शर्तें/महत्वपूर्ण निर्देश/जानकारी आदि का निर्वचन (Interpretation):-** इस विज्ञप्ति में उल्लेखित शर्तें महत्वपूर्ण निर्देश/जानकारी आदि के निर्वचन का अधिकार आयोग का रहेगा एवं इस संबंध में किसी अभ्यर्थी के द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन मान्य नहीं किया जाएगा एवं आयोग द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम तथा अभ्यर्थी पर बंधनकारी होगा।

सही/-
सचिव
छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग
नवा रायपुर अटल नगर

क्रमशः

परिशिष्ट-5

प्रपत्र-1

आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, 2016 की धारा 2 (ध) की परिभाषा के तहत कवर किए गए लेकिन उक्त अधिनियम की धारा 2(द) की परिभाषा के तहत कवर नहीं किए गए, अर्थात **40 प्रतिशत से कम** दिव्यांगता वाले और लिखने में कठिनाई होने वाले विनिर्दिष्ट दिव्यांगता वाले व्यक्ति के लिए प्रमाण पत्र।

यह प्रमाणित किया जाता है कि, हमने (गांव/पीओ/पीएस/जिला/राज्य) के निवासी .....के पुत्र/पुत्री, आयु ..... वर्ष, (श्री/सुश्री/श्रीमति ..... (उम्मीदवार का नाम) जो ..... (दिव्यांगता की प्रकृति/स्थिति) से ग्रस्त है, की जांच की है ..... और यह उल्लेख करते हैं कि उसकी सीमाएं हैं, जो उसकी उपरोक्त स्थिति के कारण उसकी लेखन क्षमता को बाधित करती है। उसे परीक्षा लिखने के लिए स्क्राइब की आवश्यकता है।

2. उपर्युक्त उम्मीदवार सहायक उपकरण जैसे प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स, हियरिंग एड (विनिर्दिष्ट किया जाने वाला नाम) का उपयोग करता है जो उम्मीदवार के लिए स्क्राइब की सहायता से परीक्षा में बैठने के लिए आवश्यक है।

3. यह प्रमाण पत्र केवल भर्ती एजेंसियों के साथ-साथ शैक्षिक संस्थानों द्वारा आयोजित लिखित परीक्षाओं में बैठने के उद्देश्य से जारी किया जाता है और ..... तक मान्य है (यह अधिकतम छः महीने या उससे कम की अवधि के लिए मान्य है जैसा कि चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित किया जाएगा)

चिकित्सा प्राधिकारी के हस्ताक्षर

(हस्ताक्षर और नाम)	(हस्ताक्षर और नाम)	(हस्ताक्षर और नाम)	(हस्ताक्षर और नाम)	(हस्ताक्षर और नाम)
आर्थोपेडिक/पीएमआर विशेषज्ञ	क्लिनिकल मनोवैज्ञानिक/ पुनर्वास मनोवैज्ञानिक/ मनोचिकित्सक/ विशेष प्रशिक्षक	न्यूरोलॉजिस्ट (यदि उपलब्ध हो)	ओक्यूपेशनल थेरेपिस्ट (येदि उपलब्ध हो)	अन्य विशेषज्ञ, जैसा कि अध्यक्ष द्वारा नामित किया गया है (यदि कोई हो)
(हस्ताक्षर और नाम)				
मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सिविल सर्जन/मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी.....अध्यक्ष				

सरकारी अस्पताल/स्वास्थ्य देखभाल केंद्र का मोहर सहित नाम

स्थानः

दिनांकः

क्रमशः

परिशिष्ट-5

प्रपत्र-1

आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, 2016 की धारा 2 (ध) की परिभाषा के तहत कवर किए गए लेकिन उक्त अधिनियम की धारा 2(द) की परिभाषा के तहत कवर नहीं किए गए, अर्थात **40 प्रतिशत से अधिक** दिव्यांगता वाले और लिखने में कठिनाई होने वाले विनिर्दिष्ट दिव्यांगता वाले व्यक्ति के लिए प्रमाण पत्र।

यह प्रमाणित किया जाता है कि, हमने (गांव/पीओ/पीएस/जिला/राज्य) के निवासी .....के पुत्र/पुत्री, आयु ..... वर्ष, (श्री/सुश्री/श्रीमति ..... (उम्मीदवार का नाम) जो ..... (दिव्यांगता की प्रकृति/स्थिति) से ग्रस्त है, की जांच की है ..... और यह उल्लेख करते हैं कि उसकी सीमाएं हैं, जो उसकी उपरोक्त स्थिति के कारण उसकी लेखन क्षमता को बाधित करती है। उसे परीक्षा लिखने के लिए स्क्राइब की आवश्यकता है।

2. उपर्युक्त उम्मीदवार सहायक उपकरण जैसे प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स, हियरिंग एड (विनिर्दिष्ट किया जाने वाला नाम) का उपयोग करता है जो उम्मीदवार के लिए स्क्राइब की सहायता से परीक्षा में बैठने के लिए आवश्यक है।

3. यह प्रमाण पत्र केवल भर्ती एजेंसियों के साथ-साथ शैक्षिक संस्थानों द्वारा आयोजित लिखित परीक्षाओं में बैठने के उद्देश्य से जारी किया जाता है और ..... तक मान्य है (यह अधिकतम छः महीने या उससे कम की अवधि के लिए मान्य है जैसा कि चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित किया जाएगा)

चिकित्सा प्राधिकारी के हस्ताक्षर

(हस्ताक्षर और नाम)	(हस्ताक्षर और नाम)	(हस्ताक्षर और नाम)	(हस्ताक्षर और नाम)	(हस्ताक्षर और नाम)
आर्थोपेडिक/पीएमआर विशेषज्ञ	क्लिनिकल मनोवैज्ञानिक/ पुनर्वास मनोवैज्ञानिक/ मनोचिकित्सक/ विशेष प्रशिक्षक	न्यूरोलॉजिस्ट (यदि उपलब्ध हो)	ओक्यूपेशनल थेरेपिस्ट (येदि उपलब्ध हो)	अन्य विशेषज्ञ, जैसा कि अध्यक्ष द्वारा नामित किया गया है (यदि कोई हो)
(हस्ताक्षर और नाम)				
मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सिविल सर्जन/मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी.....अध्यक्ष				

सरकारी अस्पताल/स्वास्थ्य देखभाल केंद्र का मोहर सहित नाम

स्थानः

दिनांकः

क्रमशः

परिशिष्ट-6

प्रपत्र-2

आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, 2016 की धारा 2 (ध) की परिभाषा के तहत कवर किए गए, लेकिन उक्त अधिनियम की धारा 2 (द) की परिभाषा के तहत कवर नहीं किये गए विनिर्दिष्ट दिव्यांगता अर्थात **40 प्रतिशत से कम** दिव्यांगता वाले और लिखने में कठिनाई होने वाले व्यक्ति द्वारा वचनबंध

मैं .....(दिव्यांगता की प्रकृति/स्थिति) वाला एक उम्मीदवार, जो .....(राज्य का नाम) के..... (जिले) में ..... (परीक्षा का नाम) में रोल नंबर से ..... (केंद्र का नाम) में बैठ रहा हूं। मेरी शैक्षणिक योग्यता ..... है।

2. मैं एतद् द्वारा यह वचन देता हूं कि ..... (लिखने वाले का नाम) उपरोक्त परीक्षा देने के लिए अधोहस्ताक्षरी के लिए स्क्राइब की सेवा प्रदान करेगा।

3. मैं एतद् द्वारा वचन देता हूं कि उनकी योग्यता ..... है। इस मामले में, बाद में यदि यह पाया जाता है कि उनकी योग्यता अधोहस्ताक्षरी द्वारा यथा घोषित नहीं है और पद हेतु निर्धारित योग्यता से अधिक है तो मैं पद से संबंधित दावों के अपने अधिकार को खो दूंगा।

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

(अभिभावक/संरक्षक द्वारा प्रतिहस्ताक्षर, यदि उम्मीदवार नाबालिक है)

स्थानः

दिनांकः

क्रमशः

परिशिष्ट-6

प्रपत्र-2

आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, 2016 की धारा 2 (ध) की परिभाषा के तहत कवर किए गए, लेकिन उक्त अधिनियम की धारा 2 (द) की परिभाषा के तहत कवर नहीं किये गए विनिर्दिष्ट दिव्यांगता अर्थात **40 प्रतिशत से अधिक** दिव्यांगता वाले और लिखने में कठिनाई होने वाले व्यक्ति द्वारा वचनबंध

मैं .....(दिव्यांगता की प्रकृति/स्थिति) वाला एक उम्मीदवार, जो .....(राज्य का नाम) के..... (जिले) में ..... (परीक्षा का नाम) में रोल नंबर से ..... (केंद्र का नाम) में बैठ रहा हूं। मेरी शैक्षणिक योग्यता ..... है।

2. मैं एतद् द्वारा यह वचन देता हूं कि ..... (लिखने वाले का नाम) उपरोक्त परीक्षा देने के लिए अधोहस्ताक्षरी के लिए स्क्राइब की सेवा प्रदान करेगा।

3. मैं एतद् द्वारा वचन देता हूं कि उनकी योग्यता ..... है। इस मामले में, बाद में यदि यह पाया जाता है कि उनकी योग्यता अधोहस्ताक्षरी द्वारा यथा घोषित नहीं है और पद हेतु निर्धारित योग्यता से अधिक है तो मैं पद से संबंधित दावों के अपने अधिकार को खो दूंगा।

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

(अभिभावक/संरक्षक द्वारा प्रतिहस्ताक्षर, यदि उम्मीदवार नाबालिक है)

स्थानः

दिनांकः

क्रमशः

परिशिष्ट-7

प्रपत्र-3

प्रति,

कलेक्टर,

जिला ----------

विषयः- आयोग द्वारा आयोजित ---------- परीक्षा में सह लेखक प्रदाय करने संबंधी।

---00---

विषयान्तर्गत निवेदन है कि मैं ---------- पिता श्री ---------- आयोग द्वारा आयोजित ---------- परीक्षा दिनांक ---------- में सम्मिलित हो रहा/रही हूं। इस परीक्षा में मैं एक दृष्टिहीनता, दोनों बाजुओं से प्रभावित और प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात श्रेणियों से संबंधित दिव्यांग (------ प्रतिशत) अभ्यर्थी हूं।

मैं दृष्टिहीनता, दोनों बाजुओं से प्रभावित और प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात श्रेणियों से संबंधित दिव्यांग अभ्यर्थी होने के कारण स्वयं लिख नहीं सकता/सकती हूं।

अतः मैं श्री/सुश्री ----------पिता श्री ---------- को सह लेखक के रूप में रखना चाहता हूं/चाहती हूं।

अतः आपसे निवेदन है कि सह लेखक के रूप में श्री/सुश्री ---------- पिता श्री ---------- को सह लेखक के रूप में मान्य करते हुए प्रदाय करने की कृपा करें।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर ----------

अभ्यर्थी का नाम ----------

अभ्यर्थी का ई-मेल ----------

अभ्यर्थी का मोबाईल नम्बर ----------

क्रमशः

परिशिष्ट-8

प्रपत्र-4

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, नवा रायपुर
सह लेखक द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाले स्व-घोषणा पत्र

1. परीक्षा का नाम ..... वर्ष.....
2. परीक्षा का प्रकार (ऑनलाइन/ऑफलाइन) .....
3. परीक्षा का दिन व समय .....
4. परीक्षा केन्द्र का क्रमांक व नाम .....
5. अभ्यर्थी का नाम .....
6. अभ्यर्थी का अनुक्रमांक .....
7. अभ्यर्थी के पिता का नाम .....
8. सह लेखक का नाम .....
9. सह लेखक के पिता का नाम .....
10. सह लेखक द्वारा धारित उच्चतम शैक्षणिक योग्यता .....

स्व-घोषणा पत्र

मैं ..... निष्ठापूर्वक यह प्रमाणित करता/करती हूं कि मैं स्वयं की सहमति से अभ्यर्थी श्री/सुश्री ..... को परीक्षा में उनके कहे अनुसार परीक्षा दिलाने में मदद करने के लिए सह लेखक के रूप में उपस्थित हुआ/हुई हूं। मेरी उच्चतम शैक्षणिक योग्यता ..... है। मेरे द्वारा स्वयं के विवेक से किसी भी प्रश्न के उत्तर को लिखने अथवा सुधारने का प्रयास नहीं किया जाएगा। उक्त दिव्यांग अभ्यर्थी के कहे अनुसार ही शब्दश उत्तर लिखे अथवा चुने जाएंगे। मेरे द्वारा की गई उक्त घोषणा का कोई भी अंश चयन के किसी भी स्तर पर अथवा चयन के पश्चात कभी भी गलत पाया जाता है, तो मेरे विरूद्ध अनुशासनिक/कानूनी कार्यवाही करने का सम्पूर्ण अधिकार छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग व/अथवा संबंधित विभाग को होगा तथा इस संबंध में मेरे द्वारा किसी प्रकार का वाद प्रस्तुत नहीं किया जाएगा।

सह लेखक के हस्ताक्षर	अभ्यर्थी के हस्ताक्षर/ अगुंठे का निशान	केंद्राध्यक्षक के हस्ताक्षर व केंद्र की सील

क्रमशः

राज्य सेवा परीक्षा नियम

छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अधिसूचना क्रमांक एफ 6-3/2008/1/एक, दिनांक 27.08.2008 यथा संशोधित के अनुसार छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आवश्यकता होने पर प्रति वर्ष निम्नलिखित सेवाओं/पदों पर भर्ती के लिए राज्य सेवा परीक्षा नामक एक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की जायेगी:-

	सेवा/पद की श्रेणी	
1.	राज्य सिविल सेवा (उप-जिलाध्यक्ष)	द्वितीय
2.	राज्य पुलिस (उप-अधीक्षक, पुलिस)	द्वितीय
3.	राज्य लेखा सेवा	द्वितीय
4.	वाणिज्यक कर अधिकारी (राज्य कर सहायक आयुक्त)	द्वितीय
5.	जिला आबकारी अधिकारी,	द्वितीय
6.	सहायक पंजीयक, सहकारी संस्थायें,	द्वितीय
7.	जिला संयोजक, आदिमजाति कल्याण	द्वितीय
8.	श्रम अधिकारी	द्वितीय
9.	जिला पंजीयक	द्वितीय
10.	रोजगार अधिकारी	द्वितीय
11.	क्षेत्र संयोजक	द्वितीय
12.	खंड विकास अधिकारी	द्वितीय
13.	सहायक संचालक, खाद्य/खाद्य अधिकारी	द्वितीय
14.	परियोजना अधिकारी, सामाजिक/ग्रामीण गहनसाक्षरता परियोजना	द्वितीय
15.	अधीनस्थ सिविल सेवा (नायब तहसीलदार)	तृतीय
16.	सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख	तृतीय
17.	वाणिज्यिक कर निरीक्षक	तृतीय
18.	आबकारी उप-निरीक्षक	तृतीय
19.	परिवहन उप-निरीक्षक	तृतीय
20.	सहकारिता निरीक्षक	तृतीय
21.	सहायक श्रम अधिकारी	तृतीय
22.	सहायक जेलर	तृतीय
23.	उप-पंजीयक	तृतीय
24.	सहायक संचालक जनसंपर्क	द्वितीय
25.	प्राचार्य पंचायत सचिव प्रशिक्षण संस्थान	द्वितीय
26.	जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी	द्वितीय
27.	मुख्य अनुदेशक (आंगनबाड़ी/ग्राम सेविका, प्रशिक्षण केन्द्र)	द्वितीय
28.	सहायक संचालक (महिला एवं बाल विकास)	द्वितीय
29.	अधीक्षक (संस्थाएं)	द्वितीय
30.	परियोजना अधिकारी (एकीकृत बाल विकास परियोजना)	द्वितीय
31.	सहायक परियोजना अधिकारी (विशेष पोषण आहार कार्यक्रम)	द्वितीय
32.	क्षेत्रीय संगठक (एम.डी.एम.)	द्वितीय
33.	जिला सेनानी नगर सेना	द्वितीय
34.	सहायक संचालक स्थानीय निधि संपरीक्षा	द्वितीय
35. [5]	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत	द्वितीय
36.	छत्तीसगढ़ अधीनस्थ लेखा सेवा अधिकारी	तृतीय
37. [2]	अधीक्षक, जिला जेल	द्वितीय
38. [3]	सहायक संचालक, नगरीय प्रशासन और विकास विभाग	द्वितीय
39. [3]	सहायक संचालक, समाज कल्याण विभाग	द्वितीय
40. [5]	सहायक परियोजना अधिकारी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग	द्वितीय
41. [8]	सहायक संचालक, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग	द्वितीय
42. [9]	मुख्य नगर पालिका अधिकारी वर्ग-ख	द्वितीय
43. [9]	मुख्य नगर पालिका अधिकारी वर्ग-ग	तृतीय

2. यह संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा निम्न चरणों में संपन्न होगी:-

- **राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा जिसके माध्यम से राज्य सेवा मुख्य परीक्षा हेतु उम्मीदवारों का चयन किया जायेगा।**
- **राज्य सेवा मुख्य परीक्षा (लिखित परीक्षा और साक्षात्कार) जिसके द्वारा विभिन्न श्रेणियों की सेवाओं तथा पदों के लिये उम्मीदवारों का अंतिम चयन किया जायेगा।**

परीक्षा की योजना तथा विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रम परिशिष्ट-एक, परिशिष्ट-दो एवं परिशिष्ट-तीन के अधीन दिए अनुसार होंगे।

क्रमशः

(एक) समस्त उम्मीदवारों को भले ही उन्होने किसी सेवा/पद विशेष को अधिमान दिया हो, परीक्षा की योजना (परिशिष्ट एक) में उल्लेखित अनुसार उतनी ही संख्या में प्रश्न पत्र देने होंगे। [2]

3. (एक) प्रारंभिक परीक्षा में आयोग द्वारा अपने विवेकानुसार निर्धारित किए गए न्यूनतम अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों के नाम, उनके द्वारा प्राप्त अंको के अनुसार क्रमिक रूप से रखे जायेंगे, इन उम्मीदवारों में से अधिक से अधिक विभिन्न प्रवर्गों के अधीन कुल पद संख्या के पन्द्रह गुना के बराबर उम्मीदवारों को मुख्य परीक्षा के लिए अर्ह माना जाएगा और प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम तद्नुसार घोषित किये जायेंगे। मुख्य परीक्षा के लिए अर्हता प्राप्त करने वाले अनारक्षित वर्ग, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों की सूची-पृथक रूप से तैयार की जायेगी और उनके परिणाम तद्नुसार घोषित किये जायेंगे, प्रारंभिक परीक्षा मुख्य परीक्षा के लिए उम्मीदवारों के चयन के लिये केवल अनुवीक्षण (स्क्रीनिंग) परीक्षा होगी और उम्मीदवारों के अंतिम चयन के संबंध में इस परीक्षा में प्राप्त अंको पर विचार नहीं किया जाएगा।

(दो) मुख्य परीक्षा में बैठने वाले और आयोग द्वारा अपने विवेकानुसार नियत किए जाने वाले ऐसे अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों के नाम उनके द्वारा मुख्य परीक्षा में प्राप्त कुल अंकों के क्रम में रखे जायेंगे। इन उम्मीदवारों में से, विभिन्न सेवाओं के अधीन कुल पद संख्या के तीन गुना के बराबर उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने के लिए अर्ह माना जाएगा। इसी प्रकार अनारक्षित वर्ग, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन-जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के ऐसे उम्मीदवारों की, जो साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने के लिए अर्ह पाए गए हो, एक पृथक सूची तैयार की जायेगी।

(तीन) (अ) साक्षात्कार के पश्चात् आयोग द्वारा उम्मीदवारों के नाम मुख्य परीक्षा तथा साक्षात्कार में उन्हें दिए गए कुल अंकों के अनुसार योग्यता क्रम में रखे जायेंगे।

किसी सेवा विशेष के लिए किसी उम्मीदवार की सिफारिश करते समय, निम्नलिखित शर्तों के अधीन, आवेदन में उसके द्वारा व्यक्त किये गये अधिमान पर यदि कोई हो, सम्यक रूप से विचार किया जायेगा।

(1) यदि किसी उम्मीदवार ने आवेदन पत्र में कोई अधिमान व्यक्त न किया हो तो उसके संबंध में सभी पदों के लिए उस क्रम से विचार किया जायेगा जिस क्रम से वे विज्ञापन में दिए गए हों।

(2) यदि उम्मीदवार अपने अधिमान वाले किसी पद के लिए अंक प्राप्त करने में सफल न हों उसके संबंध में अन्य पद/पदों के लिए उसके द्वारा प्राप्त कुल अंकों के आधार पर उसी क्रम से विचार किया जायेगा जिस क्रम से वे विज्ञापन में दिए गए हैं तथापि उसका विचार उन पदों के लिए नहीं किया जायेगा जिन पदों के लिए उसने अनिच्छा व्यक्त किया हो कि उसका विचार नहीं किया जाये।

(3) उपर्युक्त सिद्धान्त अनुपूरक सूची तैयार करते समय भी लागू होंगे।

(आ) [1] अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के मामलों में प्रत्येक पद के लिए योग्यता सूची रक्षित रिक्त स्थानों को ध्यान में रखते हुए इसी प्रकार पृथक रूप से तैयार की जायेगी। यदि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग का कोई उम्मीदवार उसके कुल अंकों के आधार पर अनारक्षित सूची में स्थान प्राप्त कर लेता है तो उसे अनारक्षित सूची में दर्शाया जाएगा और उसकी इस शर्त के अध्यधीन रक्षित रिक्त स्थानों में उसकी गणना नहीं की जाएगी।

(चार) आयोग के प्रत्येक पद के लिए प्रमुख सूची में दी गई उम्मीदवारों की कुल संख्या के 25 प्रतिशत तक के उम्मीदवारों की एक अनुपूरक सूची भी तैयार करेगा।

4. आयोग की सिफारिश प्राप्त होने के पश्चात् शासन उम्मीदवारों के बारे में ऐसी जाँच पड़ताल करेगा, जो वह यह सुनिश्चित करने की दृष्टि से उचित समझे कि वे संबंधित पद पर नियुक्ति के लिए सभी दृष्टियों से उपयुक्त है। शासन उम्मीदवारों की नियुक्ति देने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

5. पात्रता संबंधी शर्ते-

(क) राष्ट्रीयता- उम्मीदवार भारत का नागरिक होना चाहिए।

(ख) न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताः- उम्मीदवार के पास भारत में केन्द्रीय या राज्य विधान मण्डलों के अधिनियम द्वारा निगमित/समाविष्ट विश्वविद्यालयों में से किसी विश्वविद्यालय की या संसद के किसी अधिनियम द्वारा स्थापित या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-1956 की धारा-3 के अधीन विश्वविद्यालय मानी गई किसी शैक्षणिक संस्था की उपाधि होना चाहिए अथवा उसके समकक्ष अर्हताएं होनी चाहिए।

टीप (एक) उम्मीदवार जो ऐसी किसी परीक्षा मे बैठे हो जिसमें उत्तीर्ण होने से वे आयोग की परीक्षा के लिए शैक्षणिक रूप से अर्ह हो जाएंगे, किन्तु जिन्हें परिणाम की जानकारी नहीं हुई है तथा ऐसे उम्मीदवार जो ऐसी अर्हकारी परीक्षा में बैठना चाहते हों वे भी प्रारंभिक परीक्षा में प्रवेश के पात्र होंगे ऐसे समस्त उम्मीदवारों से जो आयोग द्वारा राज्य सेवा मुख्य परीक्षा के लिए अर्ह घोषित किए गए हो मुख्य परीक्षा के लिए अपने आवेदन पत्र के साथ वांछित परीक्षा उत्तीर्ण करने के प्रमाण प्रस्तुत करने की अनिवार्यता होगी।

टीप (दो) ऐसे उम्मीदवार भी जिनके पास ऐसी व्यावसायिक तथा तकनीकी अर्हताएं हों जो राज्य शासन द्वारा व्यावसायिक तथा तकनीकी उपाधि के समकक्ष के रूप में मान्यता प्राप्त हों, परीक्षा में प्रवेश के पात्र होंगे।

(ग) आयु (अ) अभ्यर्थी द्वारा विज्ञापन प्रकाशित होने के वर्ष की 01 जनवरी को 21 वर्ष की न्यूनतम आयु अनिवार्य रुप से पूर्ण कर ली हो किन्तु अधिकतम आयु 30 वर्ष से अधिक न हो। परन्तु यह कि, छत्तीसगढ़ राज्य के निवासी/मूल निवासी अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु 35 वर्ष होगी। [3]

(2) परन्तु यह कि राज्य शासन सेवाओं की अत्यावश्यकताओं को देखते हुए इन नियमों में शामिल सेवाओं में से किसी सेवा के लिए न्यूनतम आयु सीमा और अधिकतम आयु सीमा में परिवर्तन कर सकता है।

(आ) ऊपर विहित अधिकतम आयु सीमा मे निम्नलिखित आयु सीमा तक छूट दी जा सकेगीः-

(एक) अधिकतम पांच वर्ष तकः यदि छत्तीसगढ़ का अधिवासी कोई उम्मीदवार ऐसी जाति या जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग का हो जो छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में अधिसूचित की गई हो।

(दो) अधिकतम तीन वर्ष तकः यदि कोई उम्मीदवार निम्नलिखित स्थानों में भारतीय मूल के वास्तविक स्वदेश प्रत्यावर्तित व्यक्ति हों:-

(1) बर्मा से, जिसने 1 जून, 1963 को या उसके बाद भारत प्रवजन किया होः

या

क्रमशः

(2) श्रीलंका से जिसने 1 नवम्बर, 1964 के पश्चात् भारत प्रवजन किया हो

या

(3) यदि उम्मीदवार तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) से वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो और जिसने 1 जनवरी 1964 और 25 मार्च 1971 के बीच की अवधि के दौरान भारत प्रवजन किया हो।

(तीन) अधिकतम 8 वर्ष तकः यदि उम्मीदवार ऊपर (दो) में उल्लिखित स्वदेश प्रत्यावर्तित या विस्थापित व्यक्ति हो और छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अधिसूचित किए अनुसार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति या अन्य पिछड़ा वर्ग का हो तथा छ.ग. में अधिवासित हो,

(चार) अधिकतम 5 वर्ष तकः यदि उम्मीदवार अपनी प्रथम नियुक्ति के समय विधवा हो,

(पाँच) अधिकतम 5 वर्ष तकः यदि उम्मीदवार सामान्य प्रशासन विभाग ज्ञापन क्रमांक सी. 10-85-3-1, दिनांक 03.09.1985 के अनुसार आदिम जाति, हरिजन तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा प्रवर्तित अन्तर्जातीय विवाह योजना अधीन पुरस्कार प्राप्त युगल में उच्च जाति का हो।

(छः) अधिकतम 5 वर्ष तकः यदि उम्मीदवार सामान्य प्रशासन विभाग, (छत्तीसगढ़) के ज्ञापन क्रमांक-एफ-19-2/2005/1-3 रायपुर दिनांक 01.12.2006 के अनुसार राजीव पाण्डे पुरस्कार प्राप्त, गुण्डाधुर सम्मान प्राप्त, महाराजा प्रवीणचंद्र भंजदेव सम्मान प्राप्त खिलाड़ी हो अथवा राष्ट्रीय युवा पुरस्कार प्राप्त व्यक्ति हो

(सात) अधिकतम 3 वर्ष तक: सुरक्षा सेवा कर्मचारी के मामले में, जो किसी दूसरे देश से हुए युद्ध के दौरान या अशान्त क्षेत्र में किसी फौजी कार्यवाही के दौरान विकलांग हो और उसके परिणास्वरूप निर्मुक्त कर दिया गया हो,

(आठ) अधिकतम 8 वर्ष तकः यदि उपर्युक्त श्रेणी (सात) के अन्तर्गत आने वाला उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग का हो,

(नौ) अधिकतम 3 वर्ष तकः ऐसे उम्मीदवार के मामले में जो वियतनाम से भारतीय मूल को वास्तविक प्रत्यावर्तित (भारतीय पासपोर्ट धारी) व्यक्ति हो तथा साथ ही ऐसा उम्मीदवार जो वियतनाम में भारतीय राजदूतावास द्वारा उसे जारी किया गया, आपातकाल प्रमाणपत्र धारित कर रहा हो तथा जो वियतनाम से भारत में जुलाई, 1975 के पूर्व न आया हो।

(दस) अधिकतम 8 वर्ष तकः यदि उपर्युक्त श्रेणी (नौ) के अन्तर्गत आने वाला उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग का हो,

(ग्यारह) अधिकतम 5 वर्ष तकः ऐसे भूतपूर्व सैनिक तथा कमीशन्ड आफीसर्स, जिनमें ई.सी.ओ./एस.एस., सी.ओ. शामिल हैं, के मामले में जिन्होने परीक्षा प्रारंभ होने की तारीख से पूर्ववर्ती 1 जनवरी को सैनिक सेवा के कम से कम 5 वर्ष पूरे कर लिए हों और जिन्हें दुराचरण या अक्षमता अथवा सैनिक सेवा के दौरान हुई शारीरिक अक्षमता या अशक्तता के कारण बर्खास्त या सेवा मुक्त किए जाने से भिन्न स्थिति में सेवा पूरी करने पर निर्मुक्त किया गया था, इनमें वे व्यक्ति भी शामिल होंगे जिनकी सेवावधि उक्त तारीख से छह माह के भीतर समाप्त होने वाली है।

(बारह) अधिकतम 10 वर्ष तकः यदि उपर्युक्त श्रेणी (ग्यारह) के अन्तर्गत आने वाला उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग का हो,

(तेरह) अधिकतम 10 वर्ष तकः महिलाओं के लिए-यहाँ राजपत्र (असाधारण) दिनांक 07.02.1997 में प्रकाशित नियम छ0ग0 सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति हेतु विशेष उपबंध) नियम 1997 के अनुसार केवल छत्तीसगढ़ राज्य की स्थानीय निवासी महिला अभ्यर्थियों की आयु दस वर्ष शिथिलनीय होगा। [6]

(चौदह) छत्तीसगढ़ शासन के स्थायी/अस्थायी कर्मचारी या राज्य शासन के उपक्रम के स्थायी/अस्थायी कर्मचारी को 38 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए।

टीपः- पद अस्थायी शासकीय कर्मचारी में ऐसा व्यक्ति शामिल है जो सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक-2998-सी.आर. 444-एक (3)/63, दिनांक 30.11.1963 के अनुसार छत्तीसगढ़ शासन का कार्यभारित कर्मचारी या आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाला कर्मचारी हो यह छूट स्वीकार्य नहीं होगी यदि उम्मीदवार परीक्षा के या तो पहले या बाद में त्याग पत्र दे दे तथा तथापि वे पात्र बने रहेंगे यदि वे अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात् सेवा या पद से छटनी किए गए हो।

(पन्द्रह) अधिकतम 3 वर्ष तकः यदि उम्मीदवार छटनी किया गया शासकीय कर्मचारी हो तो उसकी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में पूर्ण की गई सम्पूर्ण अस्थायी सेवा की अधिकतम सात वर्ष की अवधि कम करने के पश्चात् बशर्ते कि यह सेवा एक से अधिक बार में की गई हो।

स्पष्टीकरणः- पद ''छटनी किया गया शासकीय कर्मचारी'' से अभिहित है ऐसा व्यक्ति जो उस राज्य की या उसकी संघटक इकाइयों में से किसी ईकाई की अस्थाई शासकीय सेवा में कम से कम छः माह की निरन्तर अवधि तक रहा हो और रोजगार कार्यालय में पंजीयन कराने की या शासकीय सेवा में नियोजन सेवा में नियोजन हेतु अन्यथा आवेदन करने की तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व स्थापना में कमी की जाने के कारण सेवामुक्त किया गया हो।

(सोलह) अधिकतम 5 वर्ष तक: यदि उम्मीदवार निःशक्त हो और उसने तृतीय श्रेणी सेवा/पदों के लिए आवेदन किया हो तथा उनके द्वारा कम से कम 40 प्रतिशत निःशक्तता का सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया हो।

(सत्रह) सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्र. एफ 1-2/2002/1/3 रायपुर दिनांक 2 जून, 2004 के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के शिक्षा कर्मियों की शासकीय सेवाओं के लिये निर्धारित आयु सीमा में उतने वर्ष की छूट दी जाये जितने वर्ष उसने शिक्षा कर्मी के रूप में सेवा की है इसके लिये 6 माह से अधिक सेवा को एक वर्ष की सेवा मान्य की जा सकेगी तथा यह छूट अधिकतम 45 वर्ष आयु की सीमा तक रहेगी।

टीपः- उपरोक्त वर्णित प्रावधानों के अतिरिक्त राज्य सेवा में भर्ती हेतु सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आयु सीमा आदि के संबंध में समय-समय पर जारी निर्देश लागू होंगे।

6. नियम 5 (ग) में दी गई स्थिति को छोड़ विहित आयु सीमाओं में किसी भी स्थिति में छूट नहीं दी जायेगी। उम्मीदवारों को यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि आयोग केवल वही जन्मतिथि स्वीकार करेगा जो मैट्रिक या उच्चतर माध्यमिक परीक्षा प्रमाण पत्र में या उसके समकक्ष समझी गई परीक्षा के प्रमाण पत्र में अभिलिखित की गई हो। आयु से संबंधित अन्य दस्तावेज जैसे जन्मपत्री, शपथ पत्र, नगर निगम सेवा अभिलेखों से लिए गए जन्म संबंधी उद्धरण और इसी प्रकार के अन्य दस्तावेज स्वीकार नहीं किए जाएंगे, आवेदन पत्र में एक बार जन्म तिथि दर्ज हो जाने के बाद उसमें किसी परिवर्तन की किसी मांग पर किसी भी स्थिति में विचार नहीं किया जायेगा।

7. (क) कोई भी पुरूष उम्मीदवार जिसकी एक से अधिक जीवित पत्नियाँ हो या जिसकी एक पत्नी जीवित हो और वह किसी ऐसी स्थिति में विवाह करता है, जिसमें ऐसा विवाह, ऐसी पत्नी के जीवनकाल के दौरान करने के कारण अमान्य हो, ऐसी किसी भी सेवा में नियुक्ति के लिए, जिस पर नियुक्ति इस परीक्षा के परिणामस्वरूप की जाएगी, तब तक पात्र नहीं होगा जब तक कि राज्य शासन का इस बात से समाधान न हो जाए कि ऐसा कोई विशेष आधार है और वह किसी पुरूष उम्मीदवार को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगा।

क्रमशः

(ख) कोई महिला उम्मीदवार जिसका विवाह इस कारण से अमान्य हो कि ऐसे विवाह के समय उसके पति की एक पत्नी जीवित थी या जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो जिसकी ऐसे विवाह के समय एक जीवित पत्नी हो, ऐसी किसी भी सेवा में नियुक्ति के लिए जिस पर नियुक्ति इस परीक्षा के परिणाम स्वरूप की जाएगी, तब तक पात्र नहीं होगी जब तक कि राज्य शासन का इस बात से समाधान न हो जाए कि ऐसा कोई विशेष आधार है और वह किसी महिला उम्मीदवार को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगा।

8. उम्मीदवार का मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए और उसमें ऐसा कोई शारीरिक दोष नहीं होना चाहिए जिससे सेवा विशेष के अधिकारी के रूप में उसके कर्तव्यों के निर्वहन में कोई बाधा पड़ने की संभावना हो। कोई उम्मीदवार, जो ऐसी चिकित्सा परीक्षा के पश्चात् जो यथास्थिति, शासन या नियुक्ति प्राधिकारी विहित करे, इन अपेक्षाओं के अनुसार न पाया जाए, नियुक्त नहीं किया जाएगा, केवल ऐसे उम्मीदवारों की चिकित्सा परीक्षा की जाएगी, जिनके संबंध में नियुक्ति के लिए विचार किए जाने की संभावना हो।

9. आयोग उम्मीदवारों को किसी विशेष सेवा के लिए उनकी पात्रता के बारे में सलाह नहीं दे सकता। उम्मीदवारों को स्वयं यह देखना होगा कि क्या विहित आवश्यकता (शर्तें) पूरी करते हैं और क्या आवेदन करना उनके लिए सार्थक होगा तथापि उम्मीदवारों का ध्यान नीचे दी गई कतिपय सेवाओं के लिए दिए गए शारीरिक मानकों की ओर आकर्षित किया जाता है। आवेदन करने के पूर्व उम्मीदवारों को इस बात से स्वयं समाधान कर लेना चाहिए कि वे ऐसी सेवा के लिए विहित न्यूनतम आवश्यकताओं (शर्तों) को पूरा करते है।

ऊँचाई और सीने के घेरे का न्यूनतम मानक

स.क्र.	पद का नाम	ऊँचाई	सीना		वृद्धि
		पुरूष	बिना फुलाए	फुलाने पर	
1	उप पुलिस अधीक्षक	168 से.मी.	84 से.मी.	89 से.मी.	5 से.मी.
2	जिला आबकारी अधिकारी	5"-4"	31"	33"	-
3	परिवहन उप निरीक्षक	165 से.मी.	81.50 से.मी.	-	-
4	आबकारी उप निरीक्षक	165 से.मी.	81 से.मी.	85 से.मी.	-
5	सहायक जेलर	1.65 मी.	0.80 मी.	-	-

10. परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर नियुक्ति का कोई अधिकार तब तक प्राप्त नहीं होता जब तक कि शासन का, ऐसी जाँच के बाद जो आवश्यक समझी जाए, इस बात से समाधान न हो जाए कि उम्मीदवार सेवा में नियुक्ति के लिए सभी प्रकार से योग्य है।

11. परीक्षा में प्रवेश के लिए उम्मीदवार की पात्रता या अन्य बातों के बारे में आयोग का निर्णय अंतिम होगा। इस मुद्दे पर कोई अभ्यावेदन या पत्र व्यवहार नहीं किया जाएगा। प्रारंभिक परीक्षा में प्रवेश अनन्तिम होगा, यदि बाद की तारीख के सत्यापन के समय यह पता चलता है कि, उम्मीदवार पात्रता की समस्त शर्तें पूरी नहीं करता है तो उसकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी। यदि उसका दावा गलत पाया जाता है तो आयोग द्वारा नीचे दिए गए नियम 14 के निबंधनों के अधीन उसके विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकेगी।

इस तथ्य का कि उम्मीदवार को परीक्षा का प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है, यह अर्थ नहीं होगा कि, उसकी उम्मीदवारी को आयोग द्वारा अंतिम रूप से स्वीकार कर लिया गया है या यह कि प्रारंभिक परीक्षा के लिए आवेदन पत्र में उम्मीदवार द्वारा की गई प्रविष्टियां आयोग द्वारा सही और शुद्ध रूप में स्वीकार कर ली गई हैं।

(2) फोटो एवं हस्ताक्षर सफलता पूर्वक अपलोड करने के पश्चात् Save बटन को क्लिक करने पर अभ्यर्थी अपने डैशबोर्ड पर उपलब्ध आवेदन किए जाने वाले पद से संबंधित Apply बटन को क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। उक्त प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थी को पंजीयन के समय प्रविष्ट किए गए ई-मेल आई.डी. पर लॉगिन आई.डी. एवं पासवर्ड प्राप्त होंगे जिनकी मदद से अभ्यर्थी भविष्य में कभी भी लॉगिन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन में समस्त प्रविष्टियां कर लेने के पश्चात् अभ्यर्थी को आवेदन व/अथवा पोर्टल शुल्क भुगतान की प्रक्रिया हेतु पेज प्राप्त होगा, जिस पर उपलब्ध भुगतान विकल्पों में से किसी एक विकल्प का चयन कर भुगतान किया जा सकेगा। सफलतापूर्वक भुगतान कर लेने पर अभ्यर्थी को अपने आवेदन की रसीद प्राप्त होगी। अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लेवें कि निर्धारित भुगतान सफलतापूर्वक हो गया है। ऐसा नहीं होने पर अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। चयन प्रक्रिया पूर्ण होने तक, प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए ऑनलाईन आवेदन की पावती एवं भुगतान की रसीद का प्रिंट अपने पास रखना तथा आयोग द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी इस बात का विशेष ध्यान रखें कि आवेदन व/अथवा पोर्टल शुल्क के सफलता पूर्वक भुगतान के पश्चात् ऑनलाइन आवेदन की पावती पर Application Status के सामने Submitted दर्शित हो रहा हो तथा Payment Status के सामने Paid दर्शित हो रहा हो, ऐसा नहीं होने पर अभ्यर्थी का आवेदन आयोग द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा इस संबंध में किसी भी प्रकार का अभ्यावेदन भी स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(3) अभ्यर्थी संबंधित चयन प्रक्रिया पूर्ण होने तक अपना रजिस्ट्रेशन आई.डी. एवं पासवर्ड सुरक्षित रखें। चयन के प्रत्येक स्तर पर रजिस्ट्रेशन आई.डी. एवं पासवर्ड के प्रयोग से ही जानकारी प्राप्त करने अथवा प्रदान करने का कार्य किया जा सकेगा। अभ्यर्थी संबंधित चयन प्रक्रिया पूर्ण होने तक अपना मोबाईल नम्बर व ई-मेल आई.डी. न बदलें तथा उसे एक्टिव रखें। मोबाईल व/अथवा सिम खो जाने या खराब हो जाने की स्थिति में तत्काल मोबाईल सेवा प्रदाता कंपनी से संपर्क कर Candidate's Registration हेतु प्रयुक्त किए गए मोबाईल नम्बर को चालू करवाएं। आयोग द्वारा अन्य आवश्यक सूचनाएं उक्त मोबाईल नंबर व ई-मेल आई.डी. पर दी जा सकती है।

(4) ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया से लेकर अंतिम चयन की प्रक्रिया तक सभी आवश्यक सूचनाएं आयोग की वेबसाइट www.psc.cg.gov.in पर उपलब्ध कराई जाएंगी। अभ्यर्थी नियमित रुप से उक्त वेबसाईट का अवलोकन करते रहें। किसी भी अभ्यर्थी को कोई भी सूचना व्यक्तिगत रुप से पत्र/SMS से देने हेतु आयोग बाध्य नहीं होगा तथा इस आधार पर कोई भी अभ्यर्थी आपत्ति प्रस्तुत नहीं कर सकेगा।

(5) आवेदक स्वयं अपने घर से या इंटरनेट कैफे के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन भरकर पोर्टल शुल्क का भुगतान, निर्धारित भुगतान विकल्प चुनकर, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, यूपीआई या अन्य उपलब्ध माध्यम से कर सकते हैं।

(6) ऑनलाइन आवेदन करते समय ध्यान रखना चाहिए कि जानकारी जो ऑनलाइन आवेदन में चाही गई है की सही-सही प्रविष्टि की जाए।

(7) **आयोग द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया में यह समझ लिया गया है कि, आवेदक द्वारा जो जानकारी ऑनलाइन आवेदन में अंकित की जा रही है वह प्रमाणित जानकारी है। अतः ऑनलाइन आवेदन Submit करने के पूर्व आवेदक अपने आवेदन की समस्त प्रविष्टियों को सावधानीपूर्वक भलीभांति पढ़ एवं समझ लें। आवेदक अपने द्वारा दी गई जानकारी से संतुष्ट होने के पश्चात् ही ऑनलाइन आवेदन को Submit करें तथा आवेदन व/अथवा पोर्टल शुल्क जमा करें।**

(8) ऑनलाइन आवेदन Submit करने तथा आवेदन व/अथवा पोर्टल शुल्क जमा करने के बाद अभ्यर्थी को अपने ऑनलाईन आवेदन तथा भुगतान की रसीद प्राप्त होगी। जिन्हें प्रिंट कर अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रखें। चयन प्रक्रिया के आगे के चरणों में मांगें जाने पर उक्त को आयोग के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। आयोग द्वारा ऑनलाईन आवेदन की प्रति तथा/अथवा भुगतान की रसीद उपलब्ध कराने हेतु आयोग को प्रेषित अभ्यावेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

क्रमशः

(9) ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार व सशुल्क त्रुटि सुधार का कार्य निर्धारित तिथि में ऑनलाइन किया जा सकेगा। त्रुटि सुधार व सशुल्क त्रुटि सुधार केवल एक बार ही किया जा सकेगा। सशुल्क त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि के पश्चात् ऑनलाइन आवेदन की प्रविष्टि में किसी भी प्रकार का संशोधन नहीं किया जाएगा तथा इस संबंध में आयोग किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं करेगा।

(10) आवेदक यह ध्यान रखें कि विज्ञापित पद के आवेदन पत्र में हुई किसी भी त्रुटि का सुधार चयन के किसी भी स्तर पर नहीं किया जा सकेगा। अतः अभ्यर्थी अपना आवेदन अत्यंत सावधानी पूर्वक भरें। यदि फिर भी कोई त्रुटि होती है तो त्रुटि सुधार व/या सशुल्क त्रुटि सुधार की अवधि में वांछित सुधार कर लें।

(11) **ऑनलाईन आवेदन/त्रुटि सुधार हेतु पोर्टल शुल्क:-**

(i) प्रत्येक ऑनलाइन आवेदक के लिए निर्धारित पोर्टल शुल्क + जीएसटी शुल्क देय होगा।

(ii) ऑनलाइन आवेदन की प्रविष्टियों में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर आवेदक द्वारा त्रुटि सुधार तथा सशुल्क त्रुटि सुधार निर्धारित तिथियों में केवल एक बार किया जा सकता है।

(iii) पोर्टल शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापसी योग्य नहीं है।

नोटः-

(i) आवेदक ऑनलाईन आवेदन की प्रति तथा आवेदन व/अथवा पोर्टल शुल्क भुगतान की रसीद में दी गई जानकारियों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें और अपने पास संभालकर रखें तथा यह सुनिश्चित कर लें कि आवेदन व/अथवा पोर्टल शुल्क का भुगतान सफलतापूर्वक हो गया है।

(ii) जानकारी की शुद्धता एवं सत्यता तथा आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने का पूरा उत्तरदायित्व आवेदक का होगा।

(iii) किसी भी साइबर कैफे अथवा अन्य संस्थान के माध्यम से आवेदन करते समय आवेदक ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया अपनी निगरानी में ही करवाएं। ऑनलाइन आवेदन में हुई किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए आवेदक साइबर कैफे अथवा अन्य संस्थान अथवा आयोग को उत्तरदायी नहीं ठहरा सकेंगे।

(iv) कार्ड/नेटबैंकिंग/यूपीआई या अन्य किसी भी उपलब्ध माध्यम से किसी भी शुल्क के भुगतान (यदि कोई हो) की प्रक्रिया में यदि संबंधित बैंक द्वारा किसी प्रकार का सेवा शुल्क लिया जाता है तो उसके भुगतान का दायित्व आवेदक का होगा। आवेदक ऑनलाइन बैंकिग के दौरान फिशिंग/हैंकिग अथवा अन्य साइबर गतिविधि से बचने के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।

(v) ऐसे आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे जिन्हें ऑनलाइन भरने के बाद प्रिंट लेकर छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग को डाक या किसी अन्य माध्यम से भेजा जाएगा। आवेदन व/अथवा पोर्टल शुल्क के लिए किसी भी प्रकार का ड्राफ्ट भी स्वीकार नहीं होगा। ऐसा करने पर आवेदन को मान्य न करते हुए निरस्त कर दिया जाएगा और उसकी जिम्मेदारी आवेदक की ही मानी जाएगी।

प्रवेश पत्र व साक्षात्कार हेतु बुलावा पत्रः-

(1) प्रवेश पत्र/साक्षात्कार हेतु बुलावा पत्र परीक्षा/साक्षात्कार के लगभग 10 दिन पूर्व अपलोड किए जाएंगे एवं इसकी सूचना पृथक से नहीं दी जाएगी।

(2) प्रवेश पत्र/साक्षात्कार हेतु बुलावा पत्र व्यक्तिगत रुप से नहीं भेजे जाएंगे अपितु केवल आयोग की वेबसाइट **www.psc.cg.gov.in** पर उपलब्ध होंगे। इस संबंध में किया गया कोई भी पत्राचार मान्य नहीं होगा।

(3) किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा/साक्षात्कार में तब तक प्रवेश नहीं दिया जाएगा जब तक कि उसके पास आयोग द्वारा जारी किया गया प्रवेश पत्र/साक्षात्कार हेतु बुलावा पत्र न हो।

(4) अभ्यर्थी को परीक्षा/साक्षात्कार में प्रवेश पत्र के साथ **ID Proof** हेतु मतदाता पहचान पत्र/पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेंस/पैन कार्ड/आधार कार्ड/स्मार्ट कार्ड (राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर की योजना के तहत आरजीआई द्वारा जारी)/स्वास्थ्य बीमा योजना स्मार्ट कार्ड फोटो सहित (श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी)/जॉब कार्ड फोटो सहित (एनआरईजीए योजना के तहत)/सेवा पहचान पत्र फोटो सहित (राज्य/केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्थानीय निकाय, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी)/पासबुक एवं किसान पासबुक फोटो सहित (सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक/डाकघर द्वारा जारी)/छात्र पहचान पत्र (स्कूलों/कालेजों द्वारा जारी)/बीपीएल परिवार को जारी राशन कार्ड/संपत्ति के दस्तावेज फोटो सहित जैसे-पट्टा, पंजीकृत डिड्स/एस.सी., एस.टी., ओ.बी.सी. प्रमाण पत्र फोटो सहित (सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी)/फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, भूतपूर्व सैनिकों की पेंशन किताब, भूतपूर्व सैनिकों की विधवा या आश्रित प्रमाण पत्र, वृद्धावस्था पेंशन आदेश, विधवा पेंशन आदेश/शारीरिक विकलांग प्रमाण पत्र फोटो सहित में से एक दस्तावेज लाना आवश्यक होगा, इसके अभाव में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

(5) यदि प्रवेश पत्र/साक्षात्कार हेतु बुलावा पत्र पर मुद्रित फोटो व हस्ताक्षर अथवा दोनों अस्पष्ट या अवैध हो तो प्रवेश पत्र पर निर्देशानुसार कार्यवाही न करने पर केन्द्राध्यक्ष/जांच अधिकारी अभ्यर्थी को परीक्षा/साक्षात्कार में सम्मिलित होने से वंचित कर सकेंगे।

~~~~~~~~~~

क्रमशः
~~~~~~~~~~

कार्यालय प्राचार्य शहीद भृगुनंदन चौधरी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गरियाबंद छ. ग.

PHONE: (07706) 296339 E-Mail: itigbd@rediffmail.com

संयुक्त संचालक के पत्र क्रमांक संसंप्र/क्षेका/राय/स्थाप/मे.प्र./2024/1169/ रायपुर, दिनांक 30.09.2024 के आदेशानुसार गरियाबंद जिले के विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रशिक्षण अधिकारी के रिक्त पद के विरूद्ध मेहमान प्रवक्ता आमंत्रण हेतु निर्धारित प्रपत्र में दिनांक **06.12.2024 शाम 5:00** बजे तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। शासन द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुसार उम्मीदवारों की शैक्षणिक / तकनीकी अहर्तायें निम्नानुसार हैं:-

1. प्रशिक्षण अधिकारी पद के विरूद्ध मेहमान प्रवक्ताओं के भर्ती हेत रिक्त पद

क्र	संस्था का नाम / व्यवसाय	गरियाबंद	मैनपुर	देवभोग	फिंगेश्वर	छुरा	योग
1	कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट	0	1	0	0	0	1
2	स्युइंग टेक्नोलॉजी	0	1	0	0	0	1
3	वर्कशाप कैलकुलेशन एवं इंजीनियरिंग ड्राइंग	0	0	1	0	0	1
4	इंग्लिश लैंग्वेज एवं कम्यूनिकेशन स्किल	1	1	0	0	0	2
5	वेल्डर	1	0	0	0	0	1
6	स्टेनोग्राफर एंड सेक्रेटेरियल असिस्टेंट (हिन्दी)	1	0	0	0	0	1

2. शैक्षणिक एवं तकनीकी अर्हताएं-

क्रमांक	व्यवसाय/विषय का नाम	रिक्त पदों की संख्या	शैक्षणिक / तकनीकी योग्यता
1	कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग सिस्टेंट	01	1. मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाईस्कूल अथवा पुरानी पद्धति से 11 वीं अथवा समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण, 2. अभ्यर्थी, संबंधित ट्रेड में राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाणपत्र/राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाणपत्र / राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राज्य व्यवसाय प्रमाणपत्र एवं राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाणपत्र / मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या बोर्ड से कम्प्यूटरसाईंस इंजीनियरिंग या समतुल्य संकाय में उपाधि/पत्रोपाधि उत्तीर्ण अथवा डीओई (डीओईएसीसी) से "ए" स्तर का प्रमाणपत्र या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/बोर्ड से बीसीए / पीजीडीसीए।
2	स्युइंग टेक्नोलॉजी	01	1. मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाईस्कूल अथवा पुरानी पद्धति से 11 वीं अथवा समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण. 2. अभ्यर्थी, संबंधित ट्रेड में राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाणपत्र / राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाणपत्र / राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राज्य व्यवसाय प्रमाणपत्र एवं राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाणपत्र / मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या बोर्ड से कस्टम डिजाईन एवं ड्रेस मेकिंग / गारमेंट टेक्नालॉजी इंजीनियरिंग में उपाधि / पत्रोपाधि उत्तीर्ण.
3	वर्कशाप कैलकुलेशन एवं इंजीनियरिंग ड्राइग	01	1. मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाईस्कूल अथवा पुरानी पद्धति से 11 वीं अथवा समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण. 2. अभ्यर्थी, संबंधित ट्रेड में राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाणपत्र/राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाणपत्र/राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद से राज्य व्यवसाय प्रमाणपत्र एवं राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाणपत्र / मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या बोर्ड से मेकेनिकल इंजीनियरिंग में उपाधि / पत्रोपाधि उत्तीर्ण,
4	इग्लिश लैंग्वेज एवं कम्यूनिकेशन स्किल	02	1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी साहित्य में स्नातक उपाधि उत्तीर्ण, स्नातकोत्तर उत्तीर्ण को प्राथमिकता दी जायेगी। 2. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.एड. परीक्षा उत्तीर्ण।
5	वेल्डर	01	1. मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाईस्कूल अथवा पुरानी पद्धति से 11 वीं अथवा समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण, 2. अभ्यर्थी, संबंधित ट्रेड में राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाणपत्र / राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाणपत्र / राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद से राज्य व्यवसाय प्रमाणपत्र एवं राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाणपत्र / मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या बोर्ड से मेकेनिकल / प्रोडक्शन एवं मैनूफैक्चरिंग इंजीनियरिंग या समतुल्य संकाय में उपाधि/पत्रोपाधि उत्तीर्ण.
6	स्टेनोग्राफर सेक्रेटेरियल असिस्टेंट (हिन्दी)	01	1. मान्यता प्राप्त मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण। अथवा पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण। 2. किसी मान्यता प्राप्त मंडल / संस्था / शीघ्रलेखन (शार्टहैण्ड) मुद्रलेखन परिषद से हिन्दी शीघ्रलेखन (शार्टहैण्ड) प्रमाण पत्र परीक्षा उत्तीर्ण एवं शीघ्रलेखन (शार्टहैण्ड) में 100 शब्द प्रति मिनट की गति (गति के लिये कौशल परीक्षा ली जाएगी)। 3. किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एण्ट्री ऑपरेटर प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा / प्रमाण पत्र तथा डाटा एण्ट्री की 10,000 की (Key) डिप्रेशन प्रति घंटे की गति (गति के लिये कौशल परीक्षा ली जाएगी)।

3. अंको का निर्धारण एवं चयन प्रकिया

1. जिन पदों के लिये सी.टी.आई.ए.टी.आई. आवश्यक है उन पदों के लिये एक वर्षीय सी.टी.आई./ए.टी.आई उत्तीर्ण प्रमाण पत्र धारी अभ्यर्थियों के तकनीकी योग्यता (परीक्षा) की अंकसूची के प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जाएगी।
2. सी.टी.आई./ए.टी.आई उत्तीर्ण प्रमाण पत्र धारी अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में निर्धारित तकनीकी योग्यता धारी अभ्यर्थी के चयन की कार्यवाही उनके तकनीकी योग्यता के प्राप्तांकों के आधार पर की जाएगी।

नियम एवं शर्ते :-

01. वांछित प्रमाण पत्र एवं अंक सूची की छाया प्रति अभिप्रमाणित सहित आवेदन पत्र दिनांक 06.12.2024 (अपरान्ह 5.00 बजे) तक पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय प्राचार्य, शहीद भृगुनंदन चौधरी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, गरियाबंद (छ.ग.) 493889 में अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिये, उम्मीदवार स्वयं उपस्थित होकर कार्यालयीन समय में अपने आवेदन पत्र जमा कर सकते है, विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।
02. आवेदन निर्धारित प्रारूप में ही जमा करें जो कि जिले के वेबसाईट http://www.garia-band.gov.in पर उपलब्ध है।
03. आवेदन पत्र में आवेदक अपना मोबाईल नंबर सही एवं स्पष्ट भरें। दिये गये मोबाईल नंबर पर संपर्क न हो पाने की स्थिति में आवेदक स्वयं जिम्मेदार होंगें।
04. सी.टी.आई./ए.टी.आई एवं अर्हकारी तकनीकी योग्यता होना आवश्यक है।
05. आवेदन पत्र रिक्त पदों के विरूद्ध संस्थावार / व्यवसाय / विषयवार अलग-अलग जमा करना होगा। अर्थात एक ही व्यवसाय के लिये अलग-अलग संस्था में आवेदन के लिये अलग-अलग आवेदन करना होगा।
06. अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटि पूर्ण होने के कारण निरस्त किये गये आवेदन के संबंध में उम्मीदवार की कोई सूचना नहीं दिया जावेगा तथा ऐसे आवेदनों को अमान्य कर दिया जावेगा।
07 उम्मीदवार को छ.ग. का निवासी होना अनिवार्य है, इसमें आरक्षण संबंधी कोई नियम लागू नहीं होंगे एवं अवकाश की कोई पात्रता नहीं है, शासकीय रोवा हेतु किसी भी प्रकार का कोई दावा मान्य नहीं होगा।
08. चयन मेरिट के आधार पर होगा, चयन सूची संस्था के सूचना पटल पर चरपा की जावेगी, चयनित आवेदकों की नियुक्ति पत्र नहीं दिया जावेगा, दूरभाष आदि द्वारा सूचना के आधार पर आमंत्रण स्वीकारते हुए प्रशिक्षण कार्य सम्पन्न करना होगा।
09. चयन उपरान्त दूरभाष आदि द्वारा सूचना प्राप्त होने पर निर्धारित अवधि तक कर्तव्य पर उपस्थित न होने पर उनका चयन निरस्त माना जायेगा
10. शासन द्वारा रिक्त पदों के विरूद्ध संविदा/नियमित/स्थानांतरित कर्मचारी की पद की स्थापना होने अथवा सेवा संतोषप्रद नहीं पाये जाने पर मेहमान प्रवक्ता की यह नियुक्ति स्वयमेव समाप्त हो जावेगी।
11. चयनित उम्मीदवार को प्रशिक्षण कार्य सम्पन्न कराने हेतु आवश्यकतानुसार या अधिकतम एक प्रशिक्षण सत्र के लिए ही आमंत्रित किया जावेगा।
12 मेहमान प्रवक्ता द्वारा दिया जा रहा प्रशिक्षण कार्य संतोषप्रद नहीं होने अथवा आचरण संतोषजनक नहीं होने की स्थिति में उसे सुनवाई का अवसर देते हुये स्पष्ट कारण दर्शाते हुये उसे प्रशिक्षण में जारी रखने अथवा पृथक करने का निर्णय संबंधित प्राचार्य / संस्था प्रमुख द्वारा लिया जा सकेगा।
13. संचालक, रोजगार एवं प्रशिक्षण, छ.ग. रायपुर के निर्देशानुसार पढ़ाने / प्रशिक्षण देने हेतु प्रति पीरियड 140/- (एक सौ चालीस रूपये) की दर से अधिकतम 5 घंटे प्रति कार्य दिवस हेतु मानदेय दिया जावेगा, जो अधिकतम 15000/- (पंद्रह हजार रूपये) प्रतिमाह होगा।
14. आवेदक की आयु 01.08.2024 को न्यूनतम 18 वर्ष तथा 35 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिये।
15. रिक्त पदों की संख्या में आवश्यकता अनुसार कमी या वृद्धि अथवा समाप्त भी की जा सकती है।
16. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में संयुक्त संचालक (प्रशिक्षण), क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर क्षेत्र, रायपुर का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

प्राचार्य
शहीद भृगुनदन चौधरी शासकीय औद्योगिक
प्रशिक्षण संस्था गरियाबंद (छ.ग.)

क्रमशः

मेहमान प्रवक्ता हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति

अभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज का फोटो चिपकायें

प्राचार्य,
शहीद भृगुनंदन चौधरी, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, गरियाबंद (छ.ग.)

विषयः- मेहमान प्रवक्ता हेतु आवेदन पत्र।
आवेदन जिस सस्था के लिये किया जा रहा है उस संस्था का नाम----------

महोदय,
मेहमान प्रवक्ता हेतु निम्नांकित विवरण के साथ आवेदन प्रस्तुत है।

01 आवेदित पद एवं व्यवसाय / विषय का नाम :----------
02 आवेदक/आवेदिका का नाम :----------
03 पिता/पति का नाम :----------
04 जन्म तिथि (अंको में) :----------
(शब्दों में) :----------
05 पत्र व्यवहार का पूर्ण पता :----------
:----------
:----------
06 दूरभाष/मोबाईल क्रमांक :----------
07 सी.टी.आई./ए.टी.आई. उत्तीर्ण (हां/नहीं) :----------
08 शैक्षणिक / तकनीकी योग्यता का विवरण

क्र	परीक्षा का नाम	उत्तीर्ण वर्ष	बोर्ड/वि.वि. का नाम	व्यवसाय/ विषय	पूर्णांक	प्राप्तांक	प्रतिशत

टीप-

1. सभी योग्यता प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति लगायें।
2. प्रत्येक संस्था / व्यवसाय/विषय के लिये पृथक पृथक आवेदन प्रस्तुत किया जावे।
3. छ.ग. का मूल निवासी होने का प्रमाण पत्र निर्धारित प्रपत्र में संलग्न करें।

उपरोक्त जानकारी मेरे द्वारा प्रस्तुत की जा रही है एवं मैं सहमत हूँ किः-

शपथ पत्र

1. मैं संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण रायपुर द्वारा सुनिश्चित किया गया एवं समय-समय पर संशोधित/लागू मानदेय प्राप्त करूंगा/करूंगी।
2. मेरे द्वारा उपरोक्त प्रस्तुत की गई जानकारी एवं सभी प्रस्तुत प्रमाण पत्र सही है। यदि जानकारी या प्रस्तुत प्रमाण पत्र गलत पाये जाते हैं तो मेरा चयन निरस्त किया जा सकेगा एवं मेरे खिलाफ दाण्डिक कार्यवाही की जा सकेगी।
3. मैं कभी भी नियमित पद हेतु दावा नहीं करूंगा/करूंगी तथा यह चयन इस सत्र के लिये या आवश्यकता रहने तक या नियमित / संविदा कर्मचारी की पदस्थापना होने तक रहेगी। उसके लिये मैं सहमत हूं।
4. मैं संस्था में प्राचार्य / अधीक्षक या उनके अधिकृत कर्मचारी के अधीनस्थ के निर्देशानुसार कार्य करूंगा/करूगी। यदि कोई अनुशासनहीनता/गलती मेरे द्वारा की जाने की शिकायत मिलती है तो संबंधित प्राचार्य / अधीक्षक मुझे सुनवाई का मौका देते हुये यदि आवश्यक हुआ तो मुझे प्रशिक्षण कार्य से हटा सकेंगे, जिसकी सुनवाई संयुक्त संचालक क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर के समक्ष हो सकेगी।
5. मैं एक से अधिक संस्थाओं हेतु उक्त पद के लिये आवेदन करता/करती हूं एवं चयन भी हो जाता है तो मैं एक ही व्यवसाय एवं संस्था में प्रशिक्षण कार्य हेतु उपस्थित हो जाउंगा/जाउंगी। दूसरे व्यवसाय अथवा संस्था के लिये मेरा चयन स्वमेव ही निरस्त समझा जावेगा।

संलग्न प्रमाणपत्रों की सूचीः-

1.----------2----------
3.----------4----------
5.----------6----------

स्थान----------
दिनांक----------

आवेदक का हस्ताक्षर
(पूरा नाम एवं पूरा पता)

आर.ओ.190/जी-242503948.3

कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

E-mail IDः cmhobb2012@gmail.comTel.phone No. -07727-223550
क्रमांक/एन.एच.एम./एच.आर./2024-25/5722 बलौदाबाजार, दिनांक 20/11/2024

//सूचना//

कार्यालयीन विज्ञापन क्रमांक/एन.एच.एम./एच.आर./NS-2711/2023-24/4140 बलौदाबाजार, दिनांक 01.06.2023 के तहत् राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत बलौदाबाजार जिलें में विभिन्न रिक्त पदों पर संविदा भर्ती किये जाने हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। जिसके अंतर्गत पात्र अभ्यर्थियों के वर्गवार वरीयता सूची दिनांक 27.08.2024 को जारी किया गया था। तत्पश्चात् भर्ती प्रक्रिया की अगली अनुक्रम में पदवार एवं वर्गवार चयनित अभ्यर्थियों की सूची जिला चयन समिति द्वारा अनुमोदन एवं अनुशंसा पश्चात् तैयार कर जिले की विभागीय वेबसाईट में प्रकाशित किया गया है।

अतः उक्त संबंध में पदवार एवं वर्गवार चयनित अभ्यर्थियों की विस्तृत जानकारी हेतु जिला बलौदाबाजार- भाटापारा (छ.ग.) के वेबसाईट www.balodabazar.gov.in अथवा कार्यालयीन सूचना पटल का अवलोकन कर सकते हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

आर.ओ.191/जी-242503947/3

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
पुराना जिला चिकित्सालय भवन जिला राजनांदगाँव (छ.ग)

Email-cmho-rjn.cg@gov.in. Ph. 07744-224084

क्रमांक /स्था./ सीधी भर्ती /2024/6406 राजनांदगांव दिनांक 20/11/2024

।। सूचना ।।

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें छ.ग. अंतर्गत ड्रेसर ग्रेड-1 एवं ड्रेसर ग्रेड-2 के रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति हेतु दावा आपत्ति निराकरण एवं पात्र अपात्र सूची प्रकाशन विषयक जिला स्तरीय रिक्त पदों ड्रेसर ग्रेड-1 एवं ड्रेसर ग्रेड-2, के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के माध्यम से पूर्ति करने हेतु आनलॉईन माध्यम से आमंत्रित आवेदन पत्रों के आधार पर विभागीय चयन समिति की अनुशंषा, अनुमोदन तथा निर्देश के परिपालन में दस्तावेज सत्यापन के प्रथम एवं द्वितीय सत्यापन पश्चात पात्र अपात्र अभ्यार्थियों की सूचीमय दावा आपत्ति का निराकरण किये जाने के संबंध में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी एवं पात्र अपात्र अभ्यार्थियों की सूची का प्रकाशन विभागीय वेबसाईट (www.cghealth.nic.in) के माध्यम से किया जा रहा है।

अतः ड्रेसर ग्रेड-1 एवं ड्रेसर ग्रेड-2 के पात्र अपात्र अभ्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि अभ्यार्थियों की दावा आपत्ति निराकरण की जानकारी एवं पात्र अपात्र सूची का अवलोकन विभागीय वेबसाईट से कर सकते है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

आर.ओ.192/जी-242503942.4

कार्यालय वन मंडलाधिकारी कांकेर वन मण्डल कांकेर

Phone No-07868-222006 (5) 222173 (fax) 222171 (fur) maldita

क्रमांक/स्थापना/2024/2659 कांकेर, दिनांक-20/11/2024

"वनरक्षक के पद पर सीधी भर्ती हेतु सूचना"

छत्तीसगढ़ राज्य वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के कांकेर वनमंडल, पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल, पश्चिम भानुप्रतापपुर वनमडंल एवं कार्य आयोजना कांकेर अंतर्गत वनरक्षक के 134 पदों पर सीधी भर्ती हेतु दिनांक 20.05.2023 से 11.06.2023 एवं दिनांक 12.06.2024 से 01.07.2024 तक आवेदन विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञापन के माध्यम से आमंत्रित किया गया था। पात्र अभ्यार्थियों की सूची विभागीय वेबसाईट www.cgforest.com में उपलब्ध है। जिसमें से अभ्यर्थी अपना नाम एवं अन्य विवरण देख सकते है, पात्र अभ्यार्थियों की शारीरिक नापजोख एवं दक्षता परीक्षा दिनांक **09.12.2024 से 20.12.2024** तक जिला सेनानी नगर सेना मैंदान सिंगारभाट, कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर में आयोजित किया जा रहा है। पात्र अभ्यर्थी उक्त शारीरिक नापजोख एवं दक्षता परीक्षा का प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) विभागीय वेबसाईट www.cgforest.com से प्राप्त कर सकते है। अभ्यार्थियों की शारीरिक नापजोख एवं दक्षता परीक्षा के लिये प्रातः 06:00 बजे पंजीयन प्रारम्भ होगी। अतः समय से पूर्व उपस्थित होवें ।

वनमंडलाधिकारी कांकेर
वनमंडल कांकेर

आर.ओ.193/जी-242503968.4

कार्यालय कलेक्टर

(आदिवासी विकास) गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

दूरभाष क्र. 07751 220658 Email- emrsgaurelapendramarwahi@gmail.com

क्रमांक / EMRS / प्रवेश/2025-26/2542 गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, दिनांक 18/11/2024

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों का वर्ष 2025-26 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा की ऑनलाईन आवेदन आमंत्रण की सूचना

कार्यालय आयुक्त/पदेन सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर के पत्र क्रमांक / EMRS/256-Part/2024-25/8576 नवा रायपुर, दिनांक 11.11.2024 के द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में वर्ष 2025-26 में कक्षा 6 वीं के लिए निम्नानुसार तिथि निर्धारित किया गया है -

क्र.	विवरण	तिथि
1	ऑनलाईन आवेदन प्रारंभ तिथि	दिनांक 11 नवम्बर 2024 से
2	ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि	दिनांक 10 दिसम्बर 2024 तक (रात्रि 11:59 बजे तक)
3	ऑनलाईन भरे गये फार्म में त्रुटि सुधार की तिथि	दिनांक 11 दिसम्बर 2024 से 19 दिसम्बर 2024 तक (रात्रि 11:59 बजे तक)
4	प्रवेश परीक्षा की तिथि	दिनांक 19 जनवरी 2025 दिन रविवार

विद्यार्थी के प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन फॉर्म संबंधित विकासखण्ड के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डोंगरिया/लाटा/नेवसा में संपर्क कर निर्धारित समय अवधि में निःशुल्क भरा जा सकता है। कक्षा में प्रवेश हेतु नियमावली एवं प्रवेश नीति 2025-26 का अवलोकन तथा ऑनलाईन पंजीयन वेबसाईट www.eklavya.cg.nic.in पर किया जा सकता है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास
गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

आर.ओ.194/जी-242503907/5

कार्यालय प्राचार्य,

शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलौदाबाजार (छ.ग.)

E-mail-dkcollegebaloda18@gmail.com Website-gdkcbalodabazar.ac.in

क्रमांक 948/ स्था./2024-25 बलौदाबाजार, दिनांक 25/11/2024

अतिथि व्याख्याता हेतु संक्षिप्त विज्ञापन 2024-25

शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलौदाबाजार (छ.ग.) के सहायक प्राध्यापक के रिक्त पद के विरूद्ध अध्यापन व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

आवेदक अपने समस्त प्रमाण-पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन दिनांक 06/12/2024 को सायं 05:00 बजे तक रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

विषय / पदों का विवरण :-

क्रमांक	विषय	रिक्त पद एवं संख्या	
		प्राध्यापक	सहा.प्राध्यापक
01	हिन्दी	00	01

नोट :- विस्तृत विज्ञापन संस्था के नोटिस बोर्ड, महाविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड किया गया है, जिससे विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

(राजेश कोमलवार)
रजिस्ट्रार
शास. दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, बलौदाबाजार (छ.ग.)

अधिष्ठाता "स्व. बिसाहू दास महंत" स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा (छ.ग.)

- संविदा भर्ती विज्ञापन-

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा में संविदा भर्ती नियम-2012 जो चिकित्सा शिक्षा विभाग हेतु लागू हो, के आधार पर भरने हेतु शासन द्वारा प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुये सोमवार से शुक्रवार प्रत्येक कार्यदिवस प्रातः 11.00 बजे से वॉक-इन-इन्टरव्यू विज्ञापन जारी दिनांक से आयोजित किया जा रहा है। संस्थान के विभिन्न विभागों में चिकित्सा शिक्षकों/चिकित्सकों के रिक्त पदों पर आरक्षण रोस्टर अनुसार संविदा नियुक्ति हेतु एन.एम.सी. के मापदण्ड की अर्हता रखते हों, स्व-प्रमाणित दस्तावेजों के साथ महाविद्यालय में कार्यालयीन समय में शासकीय अवकाश को छोड़कर स्वयं के व्यय पर साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं। साक्षात्कार में उपस्थित होने हेतु रिक्त पदों की अद्यतन एवं संविदा भर्ती के संबंध में विस्तृत जानकारी संस्थान के वेबसाईट https://sbdmscm.edu.in एवं नोटिस बोर्ड अवलोकन किया जा सकता है।

अधिष्ठाता
"स्व. बिसाहू दास महंत" स्मृति चिकित्सा
महाविद्यालय कोरबा (छ.ग.)

आर.ओ.195/जी-242504106/4

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर

क्रमांक 19143/दो-14-1/2023 Adv. No. 07/2023 बिलासपुर, दिनांक 26/11/2024

(Assistant Grade-III)

सूचना

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर द्वारा विज्ञापित सहायक ग्रेड-3 के कौशल परीक्षा हेतु पात्र एवं अपात्र पाये गये अभ्यर्थियों की सूची छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाईट पर अपलोड की जा चुकी है। उक्त कौशल परीक्षा दिनांक 07.12.2024 को अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर में आयोजित की जायेगी।

विस्तृत जानकारी छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाईट https://highcourt.cg.gov.in पर देखा जा सकता है।

(बलराम प्रसाद वर्मा)
रजिस्ट्रार जनरल

आर.ओ.196/जी-242504122.5

कार्यालय जिला पंचायत, दुर्ग (छ.ग.)

Email ID-zp-durg.cg@gov.in & pmayg.durg@gmail.com

छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर का आदेश क्रमांक/एफ 3-1/22-2/2024 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 29.08.2024 में दिए गए स्वीकृति के आधार पर संचालक, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण विकास भवन, प्रथम तल, सेक्टर-19. नार्थ ब्लॉक नवा रायपुर अटल नगर का पत्र क्र./1251/PMAY-G/स्था/31/2024 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 20.09.2024 माध्यम से प्राप्त निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिला पंचायत के पत्र कमांक 2744 दिनांक 30.09.2024 के अनुसार लेखापाल, सहायक ग्रेड-03 एवं जनपद पंचायतों में विकासखण्ड समन्वयक, तकनीकी सहायक एवं डाटा एन्ट्री आपरेटर के संविदा रिक्त पद पर भर्ती हेतु यांछित अर्हताधारी एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन दिनांक 11.10.2024 को अपरान्ह 5:00 बजे तक मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यालय, जिला पंचायत दुर्ग (छ.ग.), पिन कोड 491001 के नाम से पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित किये गये थे। निर्धारित तिथि में प्राप्त आवेदनों का प्रारंभिक जांच उपरांत पात्र/अपात्र अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन दावा आपत्ति हेतु किया गया है, जिसका अवलोकन जिला पंचायत के सूचना पटल एवं https://durg.cg.gov.in, तथा zpdurg.com पर किया जा सकता है।

प्रारंभिक सूची के प्रकाशन के पश्चात् दावा-आपत्ति में किसी भी प्रकार के शैक्षणिक योग्यताएं एवं अनुभव प्रमाण पत्र या अन्य प्रमाण पत्र संलग्न किये जाने पर मान्य नहीं किया जावेगा। केवल त्रुटि सुधार ही मान्य किया जावेगा। प्राप्त आवेदनों की पात्र/अपात्र की सूची का प्रकाशन करते हुए दिनांक 05.12:24 तक दावा आपत्ति आमंत्रित की जा रही है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत दुर्ग

कार्यालय-प्राचार्य/नोडल अधिकारी
शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

Web Site:- http://itirjnd.ac.in/ 07744-296406 e-mail: itirjnd@rediffmail.com

क्रमांक-औप्रसं/राज/स्था./मे.प्र./2024/1925/ राजनांदगांव, दिनांकः 18/11/2024

संचालनालय, रोजगार एवं प्रशिक्षण, छत्तीसगढ़, अटल नगर, नवा रायपुर द्वारा मेहमान प्रवक्ता आमंत्रित करने हेतु जारी विभिन्न आदेशों व निर्देशों तथा संयुक्त संचालक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थायें, क्षेत्रीय कार्यालय, दुर्ग क्षेत्र दुर्ग के आदेश के अनुसरण में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, राजनांदगांव के नोडल क्षेत्र के अंतर्गत जिला राजनांदगांव में संचालित शास. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रशिक्षण अधिकारी के स्वीकृत पद के रिक्त पदों के विरूद्ध विभिन्न व्यवसायों विषयों के लिये प्रशिक्षण सत्र 2024-2025 हेतु मेहमान प्रवक्ता (गेस्ट लेक्चरर) हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 09.12.2024 को अपरान्ह 5.00 बजे तक है। आवेदकों द्वारा स्पीड पोष्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से प्राप्त आवेदन ही स्वीकार किये जायेगे। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त/जमा आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। संस्थावार/व्यवसायवार/विषयवार रिक्त पदो की जानकारी, शैक्षणिक तकनीकी योग्यताएं एवं निर्धारित मापदंड निम्नानुसार है-

1. पदों की जानकारी :-

सरल क्र.	व्यवसाय का नाम	औप्रसं राजनांदगांव	औप्रसं डोंगरगढ़	औप्रसं लालबहादुर नगर	कुल
1	फिटर	-	-	01	01
2	विद्युतकार	01	-	01	02
3	सोलर टेक्निशियन (इलेक्ट्रीकल)	01	-	-	01
4	वेल्डर	-	01	-	01
5	मैकेनिक डीजल	01	01	-	02

शैक्षणिक तकनीकी अर्हताएं

क्र.	व्यवसाय का नाम	शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता :-
01	फिटर	(1) मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाई स्कूल अथवा पुरानी पद्धति से ग्यारहवीं या उसके समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण हो। (2) अभ्यर्थी को संबंधित ट्रेड में राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाण पत्र राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र / राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राज्य व्यवसाय प्रमाण पत्र एवं राष्ट्रीय शिधुता प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र / मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या बोर्ड से मैकेनिकल/प्रोडक्शन एवं मेनूफेक्चरिंग इंजीनियरिंग या समतुल्य संकाय में उपाधि/पत्रोपाधि उत्तीर्ण। (3) अभ्यर्थी जो डीजीटी के उच्च प्रशिक्षण संस्थानों से (एटीआई/सीटीआई/एन. व्ही.टी.आई.आर.व्ही.टी.आई. आई. टॉट) से उत्तीर्ण हो।
02	विद्युतकार	(1) मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाई स्कूल अथवा पुरानी पद्धति से ग्यारहवीं या उसके समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण हो। (2) अभ्यर्थी को संबंधित ट्रेड में राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाण पत्र / राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र / राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राज्य व्यवसाय प्रमाण पत्र एवं राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या बोर्ड से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग या समतुल्य संकाय में उपाधि/पत्रोपाधि उत्तीर्ण। (3) अभ्यर्थी जो डीजीटी के उच्च प्रशिक्षण संस्थानों से (एटीआई/सीटीआई/एन. व्ही.टी.आई. आर.व्ही.टी.आई.आई. टॉट) से उत्तीर्ण हो।
03	सोलर टेक्निशियन (इलेक्ट्रीकल)	(1) मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाई स्कूल अथवा पुरानी पद्धति से ग्यारहवीं या उसके समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण हो। (2) अभ्यर्थी को सोलर टेक्निशियन (इलेक्ट्रीकल) व्यवसाय में राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाण पत्र राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राज्य व्यवसाय प्रमाण पत्र एवं राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या बोर्ड से इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग संकाय में उपाधि/पत्रोपाधि उत्तीर्ण।
04	मैकेनिक डीजल	(1) मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाई स्कूल अथवा पुरानी पद्धति से ग्यारहवी या उसके समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण हो। (2) अभ्यर्थी को संबंधित ट्रेड में राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिशद् से राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाण पत्र राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र / राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राज्य व्यवसाय प्रमाण पत्र एवं राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या बोर्ड से मैकेनिकल/ऑटोमोबाईल इंजीनियरिंग या समतुल्य संकाय में उपाधि/पत्रोपाधि उत्तीर्ण। (3) अभ्यर्थी जो डीजीटी के उच्च प्रशिक्षण संस्थानों से (एटीआई/सीटीआई/एन. व्ही.टी.आई. आर.व्ही.टी.आई. आई. टॉट) से उत्तीर्ण हो। (4) हल्के मोटरयान (एल एम व्ही) का वैध लाइसेंस अनिवार्य है।
05	वेल्डर	(1) मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाई स्कूल अथवा पुरानी पद्धति से ग्यारहवीं या उसके समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण हो। (2) अभ्यर्थी को संबंधित ट्रेड में राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाण पत्र / राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र / राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राज्य व्यवसाय प्रमाण पत्र एवं राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या बोर्ड से मैकेनिकल/प्रोडक्शन एवं मेनूफेक्चरिंग इंजीनियरिंग या समतुल्य संकाय में उपाधि/पत्रोपाधि उत्तीर्ण। (3) अभ्यर्थी जो डीजीटी के उच्च प्रशिक्षण संस्थानों से (एटीआई/सीटीआई/एन. व्ही.टी.आई.आर.व्ही.टी.आई. आई. टॉट) से उत्तीर्ण हो।

3. अंकों का निर्धारण एवं चयन प्रक्रिया :-

1. प्रचलित सेवा भर्ती नियम में जिन पदों के लिये सी.टी.आई. ए.टी.आई. आवश्यक है, उन पदों के लिये एक वर्षीय सी.टी.आई. ए.टी.आई. उत्तीर्ण प्रमाण पत्र धारी अभ्यर्थियों के तकनीकी योग्यता के प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर चयन किया जाएगा।
2. सी.टी.आई./ए.टी.आई. उत्तीर्ण प्रमाण पत्र थारी अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में निर्धारित तकनीकी योग्यताधारी आवेदकों के चयन की कार्यवाही, उनके तकनीकी योग्यता के प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर की जाएगी।
3. जिन व्यवसायों के लिए हल्के मोटर यान (एल.एम.व्ही.) का वैद्य लाईसेंस अनिवार्य है उन व्यवसायों के लिए उक्त प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
4. मेहमान प्रवक्ता के रूप में चयन उपरान्त यदि वह निर्धारित की गयी अवधि तक कर्तव्य पर उपस्थित नहीं होता है तो उसका चयन निरस्त माना जाकर प्रतीक्षा सूची के सरल क्रमांक 01 को अवसर दिया जायेगा। इसी क्रम से प्रतीक्षा सूची के अन्य आवेदकों को अवसर दिया जायेगा।

4. नियम एवं शर्ते :-

1. आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, पेंड्री राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) से प्राप्त किया जा सकता है या https://rajnandgaon.nic.in/ से डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदन निर्धारित प्रारूप में स्वच्छ, स्पष्ट एवं सुवाच्य रूप से बिना कांट-छांट के पूर्ण आवेदन भरकर कार्यालय प्राचार्य/नोडल अधिकारी, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, पेंड्री राजनांदगांव, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) 491441 (पत्रव्यवहार का पूर्ण पता. पिन कोड. सहित) केवल स्पीड पोष्ट/पंजीकृत डाक में प्रेषित किया जाना है। आवेदक द्वारा लिफाफे के उपर व्यवसाय/विषय एवं संस्था का नाम (जिस संस्था हेतु आवेदन किया जा रहा है) लिखना अनिवार्य है।
2. आवेदन करने से पूर्व नियम एवं निर्देशों को भली-भांति पढ़कर पूर्ण रूप से भरकर आवेदन प्रेषित/जमा करें। अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जाएंगे तथा इस संबंध में आवेदक को सूचना नहीं दी जाएगी।
3. आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है। (प्राधिकृत अधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है)।
4. संबंधित पद हेतु प्रचलित सेवा भर्ती नियम में उल्लेखित तकनीकी योग्यता के प्राप्ताकों के मेरिट के आधार पर मेरिट/चयन/प्रतीक्षा सूचियां तैयार की जायेगी। अनुभव आवश्यक नहीं है।
5. प्रचलित सेवा भर्ती नियम में जिन पदों के लिये सीटीआई/एटीआई आवश्यक है उन पदों के लिये एक वर्षीय सीटीआई/एटीआई उत्तीर्ण प्रमाण पत्र धारी अभ्यर्थियों के तकनीकी योग्यता के प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर चयन की कार्यवाही की जायेगी। सीटीआई/एटीआई उत्तीर्ण प्रमाण पत्र धारी अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में निर्धारित तकनीकी योग्यताधारी आवेदकों के चयन की कार्यवाही उनके तकनीकी योग्यता के प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर की जाएगी।
6. मेहमान प्रवक्ताओं को आवश्यकतानुसार या अधिकतम एक प्रशिक्षण सत्र हेतु आमंत्रित किया जायेगा।
7. विज्ञापित पदों की संख्या घटाई बढ़ाई अथवा समाप्त की जा सकती है।
8. वांछित प्रमाण पत्रों एवं अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों सहित आवेदन निर्धारित प्रारूप में केवल स्पीड पोष्ट/पंजीकृत डाक द्वारा निधारित तिथि एवं समय तक जमा किया जा सकता है। डाक द्वारा प्रेषित आवेदनों के नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त विलंब से प्राप्त होने हेतु संस्था जवाबदार नहीं होगी। नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जायेगा एवं वे स्वमेव ही निरस्त हो जायेगें।
9. आवेदक एक से अधिक पदों/संस्थाओं हेतु आवेदन कर सकते है परन्तु उन्हें पृथक पृथक संस्थाओं/व्यवसायों/विषय के लिये पृथक पृथक आवेदन, पृथक-पृथक लिफाफे में जमा करना होगा।
10. आवेदित पद हेतु अर्हकारी शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता होना आवश्यक है। (अंक सूची संलग्न करना अनिवार्य है)।
11. चयन की कार्यवाही संबंधित व्यवसाय/विषय हेतु निर्धारित तकनीकी योग्यता के प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर किया जायेगा। चयन सूची नोडल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के सूचना पटल पर चस्पा की जायेगी।
12. संयुक्त संचालक (प्रशिक्षण), क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा सूचियों का अनुमोदन पश्चात् ही नियमानुसार चयनित अभ्यर्थी को दूरभाष द्वारा सूचना देकर प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कराने हेतु

क्रमशः

मेहमान प्रवक्ता के रूप में आमंत्रित किया जावेगा। उन्हें किसी प्रकार का नियुक्ति पत्र जारी/दिया नहीं जावेगा।

13. शासन द्वारा नियमित/स्थानांतरित/संविदा कर्मचारी की पदस्थापना किये जाने की स्थिति में उन पदों पर आमंत्रित मेहमान प्रवक्ताओं की सेवाएं स्वतः समाप्त हो जायेगी।
14. मेहमान प्रवक्ताओं को प्रशिक्षण कार्य के लिये प्रति घण्टे 140.00 रूपये की दर से प्रति कार्य दिवस अधिकतम 5 घण्टे, के मानदेय का प्रावधान है। प्रतिमाह अधिकतम रू.15000.00 (पंद्रह हजार) रूपये मानदेय देय होगा। जो कि समय समय पर शासन द्वारा जारी दर के अनुसार परिवर्तनीय होगा।
15. यदि किसी आवेदक को मेहमान प्रवक्ता के रूप में एक से अधिक संस्थाओं/व्यवसायों/विषय के लिये आमंत्रित किया जाता है, तो किसी एक स्थान पर उपस्थित होने की स्थिति में उक्त आवेदक का शेष अन्य संस्थाओं/व्यवसायों/विषय पर चयन स्वयं निरस्त माना जावेगा।
16. मेहमान प्रवक्ताओं द्वारा दिया जा रहा प्रशिक्षण कार्य संतोषप्रद नहीं होने अथवा आचरण संतोषजनक नहीं होने की स्थिति में उसे सुनवाई का अवसर देते हुये स्पष्ट कारण दर्शाते हुये उसे प्रशिक्षण में जारी रखने अथवा पृथक करने का निर्णय संबंधित प्राचार्य/संस्था प्रमुख द्वारा लिया जा सकेगा।
17. मेहमान प्रवक्ता आमंत्रित करने की प्रक्रिया के दौरान शासन द्वारा नियमित/स्थानांतरित/संविदा पर पदस्थापना होने की स्थिति में उस पद के विरूद्ध मेहमान प्रवक्ता आमंत्रित करने की प्रक्रिया स्वतः समाप्त हो जायेगी।
18. चयन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में संयुक्त संचालक (प्रशिक्षण), औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थायें, क्षेत्रीय कार्यालय, दुर्ग का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

प्राचार्य,
नोबल अधिकारी औद्योगिक
प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव

परिशिष्ट-ब

आवेदन का प्रारूप
मेहमान प्रवक्ता हेतु आवेदन पत्र

01. औ.प्र.संस्था का नाम----------
(जिस संस्था के लिये आवेदन प्रस्तुत कर रहे है)
02. व्यवसाय/विषय का नाम----------
(जिस व्यवसाय/विषय के लिये आवेदन प्रस्तुत कर रहे है)

आवेदक स्वयं द्वारा हस्ताक्षरित अपना पासपोर्ट साईज फोटो चस्पा करें

प्रति,
प्राचार्य (नोडल अधिकारी)
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, पेंड्री राजनांदगांव
जिला-राजनांदगांव (छ.ग.),
पिन कोड -491441.

01 आवेदक का नाम :----------
02 पिता/पति का नाम :----------
03 माता का नाम :----------
04 जन्म तिथि (अंकों में) :----------
(शब्दों में) :----------
05 पत्र व्यवहार का पूरा पता :----------
:----------
:----------
:----------
---------पिन कोड----------
06 दूरभाष/मोबाईल नं. ----------
07 स्थायी निवास का पूरा पता ----------
:----------
:----------
---------पिन कोड----------

08 शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता

क्रमांक	परीक्षा का नाम	उत्तीर्ण वर्ष	मण्डल/बोर्ड/वि.वि. का नाम	विषय/व्यवसाय का नाम	पूर्णांक	प्राप्तांक	प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7	8

9 क्या आप सी.टी.आई./ए.टी.आई. उत्तीर्ण हैं ? : (हाँ/नहीं) यदि हाँ तो प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें।
10 क्या आप हल्के मोटरयान (एल. एम. व्ही) का वैद्य लाइसेंस धारी हैं?: (यदि लागू हो) (हाँ/नहीं) यदि हाँ तो प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें।

टीपः- 1. प्रत्येक संस्था/व्यवसाय/विषय के लिए पृथक-पृथक आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जावे।
2. आवेदन जिला-नोडल संस्था के नाम से स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक द्वारा निधारित तिथि एवं समय तक प्रस्तुत कर सकते है।
3. संलग्न प्रमाण पत्रों/अंकसूचियों की स्वप्रमाणित छायाप्रति लगावे।
4. छ.ग. का मूल निवासी होने का शासन द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें ।

उपरोक्त जानकारी मेरे द्वारा प्रस्तुत की जा रही है एवं में सहमत हूँ कि-

1. मैं संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छ.ग. रायपुर द्वारा निर्धारित किया गया एवं समय-समय पर संशोधित / लागू मानदेय प्राप्त करूंगा/करूंगी।
2. मेरे द्वारा उपरोक्त प्रस्तुत की गई जानकारी एवं प्रस्तुत सभी प्रमाण पत्र सही एवं सत्य है, यदि मेरे द्वारा दी गई जानकारी अथवा प्रस्तुत प्रमाण पत्र गलत पाये जाते हैं तो इसके लिये मैं स्वयं जिम्मेदार रहूँगा / रहूंगी।
3. मैं कभी नियमित पद हेतु दावा नहीं करूंगा करूंगी तथा यह चयन इस सत्र के लिये या आवश्यकता रहने तक या नियमित/स्थानांतरित/संविदा कर्मचारी की पदस्थापना होने तक रहेगा रहेगी। इसके लिये मैं सहमत हूँ।
4. मैं संस्था में प्राचार्य/अधीक्षक/संस्था प्रमुख के निर्देशानुसार कार्य करूंगा/करूंगी।
5. मैं एक से अधिक संस्था/व्यवसाय/विषय में चयनित होने की स्थिति में एक ही संस्था व्यवसाय/विषय में प्रशिक्षण कार्य हेतु उपस्थित हो जाउंगा/जाउंगी तथा मेरी शेष अन्य संस्था/व्यवसाय/विषय के लिये चयन स्वयमेव निरस्त समझा जावेगा ।
6. मैं शासन एवं संस्था के समस्त आदेशों/ निर्देशों तथा नियमों का पालन करूंगा/करूंगी।

संलग्न प्रमाण पत्रों की सूचीः-

1----------2----------
3----------4----------
दिनांक.----------
स्थान.----------

(आवेदक के हस्ताक्षर)
पूरा नाम----------
पूरा पता----------
मोबाईल नम्बर----------

आर.ओ.197/जी-242503919.4

कार्यालय वनमंडलाधिकारी, कोंडागांव
वनमंडल कोंडागांव जिला-कोंडागांव (छ.ज.)

Tel/Fax 07786-242303 E-mail southfedkgn@yahoo.co.in

"वनरक्षक के पद पर सीधी भर्ती हेतु सूचना"

छत्तीसगढ़ राज्य वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के कोंडागांव वनमंडल, केशकाल वनमंडल एवं नारायणपुर वनमंडल अंतर्गत वनरक्षक के 74 पदों पर सीधी भर्ती हेतु दिनांक 20/05/2023 से दिनांक 11/06/2023 तक आवेदन विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञापन के माध्यम से आमंत्रित किया गया था। पात्र अभ्यर्थियों की सूची विभागीय वेबसाईट :- www.cgforest.com में उपलब्ध है, जिसमें से अभ्यर्थी अपना नाम एवं अन्य विवरण देख सकते है। पात्र अभ्यर्थियों की शारीरिक नापजोख एवं दक्षता परीक्षा दिनांक 10/12/2024 से 15/12/2024 तक नया स्टेडियम ग्राऊण्ड कनेरा रोड, कोंडागांव, जिला कोंडागांव में आयोजित किया जा रहा है। पात्र अभ्यर्थी उक्त शारीरिक नापजोख एवं दक्षता परीक्षा का प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) विभागीय वेबसाईट :-www.cgforest.com से प्राप्त कर सकते है।

दिनांकः 26/11/2024
स्थान :- कोंडागांव ।

वनमंडलाधिकारी कोंडागांव
वनमंडल, कोंडागांव

आर.ओ.198/जी-242504164.4

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

विष्णु के सुशासन से
सँवर रहा छत्तीसगढ़

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री,छत्तीसगढ़

युवाओं के लिए नौकरियों के खुले द्वार

विभिन्न शासकीय भर्तियों में आयु सीमा में मिली 5 वर्ष की छूट

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए QR CODE स्कैन करें।

हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

छत्तीसगढ़ शासन

25 रजत जयंतीवर्ष छत्तीसगढ़

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

जनादेश दिवस

पर प्रदेश की जनता का कोटि-कोटि आभार...

विजय आशाओं की वर्षगाँठ विश्वास की

हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे

हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें

ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

डॉ. रवि मित्तल - मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ संवाद की ओर से मे. डीबी कार्प. लिमिटेड, प्लाट नंबर 40/44 इण्डस्ट्रियल एरिया, उरला रायपुर से मुद्रित, छत्तीसगढ़ संवाद, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर 19, अटल नगर, नवा रायपुर से प्रकाशित। संपादक-जवाहर लाल दरियो